दैनिक लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



किंगडम का ट्रेलर रिलीज.......

सिनेमा से इतर काम के लिए......

वर्ष : 11 | अंक : 222 | लखनऊ, 29 जुलाई, मंगलवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# उत्तर प्रदेश में अब चौराहों पर नहीं रहेंगे बेसहारा मजदूर, बनेंगे आधुनिक श्रमिक सुविधा केंद्र

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। प्रदेश के दिहाड़ी और प्रवासी मजदूरों को काम के इंतजार में चौराहों या फुटपाथों पर खड़े रहना नहीं पड़ेगा। प्रदेश सरकार जल्द ही श्रमिकों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त केंद्र और हास्टल बनाने जा रही है, जहां उन्हें रहने, पंजीकरण, कौशल विकास और रोजगार की पूरी सुविधा मिलेगी।

विश्वकर्मा श्रमिक सराय योजना के तहत पहले चरण में 17 नगर निगम क्षेत्रों और नोएडा-ग्रेटर नोएडा में डा. भीमराव अंबेडकर श्रमिक सुविधा केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसमें शौचालय, वाशरूम, आरामदायक बैठने की व्यवस्था, कैंटीन, पंजीकरण कक्ष, डिजिटल सेवा काउंटर और योजनाओं की जानकारी देने वाले डेस्क होंगे।

इन केंद्रों में श्रमिकों को न केवल काम के लिए पंजीकरण और मार्गदर्शन मिलेगा, बल्कि उन्हें प्रशिक्षण और कौशल विकास के अवसर भी मिलेंगे, जिससे वे बेहतर रोजगार के योग्य बन सकेंगे। इसके साथ ही विश्वकर्मा श्रमिक सराय योजना के तहत शहरों में काम करने वाले प्रवासी निर्माण श्रमिकों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक हास्टल, स्नानागार, शौचालय और ब्लाक रूम जैसी सुविधाएं दी जाएंगी।

जहां प्रवासी श्रमिकों को पांच से 15 दिन कम शुल्क में रहने की सुविधा मिलेगी। यह भारतीय श्रमिक आंदोलन के वरिष्ठ नेता दत्तोपंत ठेंगड़ी के नाम पर बनेगी। ठेंगड़ी ने जीवनभर मजदूरों और वंचित वर्गों के हक की लड़ाई लड़ी थी।

इन सरायों में श्रमिकों को स्वास्थ्य सेवा, भोजन व्यवस्था और रोजगार मार्गदर्शन भी मिलेगा। इसके अलावा इन केंद्रों को रोजगार पोर्टल और स्थानीय ठेकेदारों से जोड़ा जाएगा, जिससे श्रमिकों को काम की तलाश में इधर-उधर भटकना न पड़े।

श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि सरकार का उद्देश्य सिर्फ काम देना नहीं, बल्कि श्रमिकों को सम्मान और सुरक्षित जीवन देना है। इस योजना के धरातल पर उतरने पर प्रदेश में कोई भी श्रमिक खुले में रात बिताने को मजबूर नहीं होगा। ये केंद्र उनके जीवन में स्थिरता और गरिमा लाएंगे।

### लाखों श्रमिकों को मिल रहा है योजनाओं का लाभ

प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ श्रमिकों को मिल रहा है। वर्ष 2024-25 में 5,57,567 श्रमिकों को श्रम बोर्ड की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला। इस पर 710.96 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

2025-26 में अब तक 10,221 श्रमिकों को योजनाओं का लाभ मिल चुका है, जिस पर 42.46 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। वहीं, 2025-26 में 48,822 नए श्रमिकों का पंजीकरण हुआ, जिनमें 25,720 महिलाएं शामिल हैं। 2024-25 में 1,86,380 श्रमिकों का पंजीकरण हुआ था, जिसमें 89,441 महिला श्रमिक थीं। श्रम क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी भी तेजी से बढ़ रही है।

# स्टालिन सरकार ने केंद्र से की शिक्षा योजना के तहत फंड जारी करने की मांग, पीएम मोदी को सौंपा ज्ञापन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक याचिका सौंपी, जिसमें लंबित शिक्षा निधि में से 2,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि तत्काल जारी करने और राज्य भर में लंबे समय से लंबित रेलवे परियोजनाओं के कार्यान्वयन का आग्रह किया गया। यह अपील राज्य के वित्त मंत्री थंगम थेन्नारासु के माध्यम से प्रधानमंत्री की दो दिवसीय तमिलनाडु यात्रा के दौरान की गई, जहाँ उन्होंने विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और राजेंद्र चोझान के सम्मान में एक स्मारक सिक्के का अनावरण किया।

अपने पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु सरकार 2018 से समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) योजना को प्रभावी ढंग से लागू कर रही है, जिससे शैक्षिक परिणामों में लगातार सुधार हुआ है। हालाँकि, उन्होंने यह भी बताया कि केंद्र सरकार ने केंद्रीय धनराशि जारी करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को पूरी तरह से अपनाना एक पूर्व शर्त बना दिया है। उन्होंने दोहराया कि राज्य को एनईपी के कुछ प्रावधानों, विशेष रूप से त्रिभाषा नीति को लागू करने और स्कूली शिक्षा को 5+3+3+4 प्रारूप में पुनर्गठित करने, पर कानूनी और नीतिगत आपत्तियाँ हैं।

तमिलनाडु स्कूल शिक्षा प्रणाली में वर्तमान में 43.90 लाख छात्र, 2.2 लाख शिक्षक और 32,000 से अधिक सहायक कर्मचारी कार्यरत हैं।

स्टालिन ने कहा कि इतनी महत्वपूर्ण और व्यापक योजना के लिए धनराशि रोकना लाखों छात्रों के भविष्य को बुरी तरह प्रभावित करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वे वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए इस योजना के तहत राज्य को देय 2,149 करोड़ रुपये तुरंत जारी करें, 2025-26 के लिए पहली किस्त में तेजी लाएँ, और यह सुनिश्चित करें कि धनराशि का संबंध पीएम श्री (प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया) समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर से न हो।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

# जालंधर सिविल अस्पताल में तीन मरीजों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, जालंधर सिविल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में ऑक्सीजन आपूर्ति में तकनीकी खराबी के कारण रविवार की शाम तीन मरीजों की मौत हो गई। हालांकि, अस्पताल प्रशासन ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा है कि ऑक्सीजन की आपूर्ति में थोड़ी कमी आई थी, लेकिन बैकअप ऑक्सीजन सिलेंडरों को कुछ ही समय में चालू कर दिया गया।

अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक राज कुमार ने बताया कि इस संबंध में नौ सदस्यीय समिति गठित की गई है, जो दो दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपेगी। मरीजों में से एक को सांप के काटने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था, दूसरा अत्याधिक नशे के पदार्थों के सेवन के कारण अस्पताल में भर्ती था ,जबकि तीसरा तपेदिक से पीड़ित था। तीनों को वेंटिलेटर पर रखा गया था। पत्रकारों से बातचीत के दौरान वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) विनय आनंद ने कहा कि तकनीकी खराबी के कारण ऑक्सीजन का दबाव थोड़ा कम हो गया था। आनंद ने कहा, लेकिन हमारे पास पर्याप्त बैकअप ऑक्सीजन सिलेंडर थे, जिन्हें कुछ ही समय में चालू कर दिया गया।

# विपक्ष पर राजनाथ सिंह ने साधा निशाना

## कभी नहीं पूछा कि हमने कितने दुश्मन के विमान मार गिराए...

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लोकसभा में विपक्ष पर निशाना साधा और ऑपरेशन सिंदूर पर शुरूआती बहस के दौरान गलत सवालों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। संसद के मानसून सत्र के दौरान राजनाथ ने कहा कि विपक्ष के लोग पूछते रहे हैं कि हमारे कितने विमान गिरे। मुझे लगता है कि उनका यह प्रश्न हमारी राष्ट्रीय जनभावनाओं का सही प्रतिनिधित्व नहीं करता। उन्होंने कहा कि हर देश में, नागरिक विपक्ष और सरकार को अलग-अलग ज़िम्मेदारियाँ सौंपते हैं। सरकार की भूमिका नागरिकों के लिए काम करना है, और विपक्ष की भूमिका नागरिकों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार से सवाल पूछना है। विपक्ष के कुछ सदस्य पूछ रहे हैं कि हमारे कितने विमान मार गिराए गए? मुझे लगता है कि उनका सवाल हमारी राष्ट्रीय भावनाओं का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं करता है।

सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए कहा कि फाल्गाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को शुरू किया गया सैन्य अभियान सफल रहा। उन्होंने आगे कहा कि अगर उन्हें कोई सवाल पूछना ही है, तो वह यह



होना चाहिए कि क्या भारत ने आतंकवादी ठिकानों को नष्ट किया, और इसका उत्तर है, हाँ... अगर आपको कोई सवाल पूछना है, तो वह यह होना चाहिए कि क्या ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा। इसका उत्तर है, हाँ। क्या आतंकवादियों के सरगनाओं को नष्ट किया गया? हाँ। अगर आपको कोई सवाल पूछना है, तो यह पूछें: क्या इस ऑपरेशन में हमारे किसी बहादुर सैनिक को कोई नुकसान पहुँचा? इसका उत्तर है, नहीं, हमारे किसी भी सैनिक को कोई नुकसान नहीं पहुँचा...।

भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किए गए सैन्य अभियान को ऐतिहासिक बताते हुए, सिंह ने उन सैनिकों को श्रद्धांजलि दी जो देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। सिंह ने लोकसभा में अपने संबोधन में कहा कि संसद ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए तैयार है। सबसे पहले, मैं संसद की ओर से उन वीर जवानों के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूँ जिन्होंने आवश्यकता पड़ने पर देश के लिए बलिदान दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के विरुद्ध भारत की नीति का एक निर्णायक और प्रभावी प्रदर्शन था। ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी हमले के बाद चलाया गया था, जिसमें इस साल 22 अप्रैल को 26 लोगों की जान चली गई थी। भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया और 100 से ज्यादा आतंकवादियों को ढेर कर दिया।

**संक्षिप्त समाचार**

### चेक गणराज्य के राष्ट्रपति ने लद्दाख में दलाई लामा से मुलाकात की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, चेक गणराज्य के राष्ट्रपति पेट्र पावेल ने रविवार को लद्दाख में तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से मुलाकात की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह पहला मौका है जब किसी पदस्थ राष्ट्राध्यक्ष ने भारत आकर दलाई लामा से मुलाकात की है। दलाई लामा 12 जुलाई को एक माह की यात्रा पर लद्दाख पहुंचे थे। उनके कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, चेक गणराज्य के राष्ट्रपति पेट्र पावेल ने आज सुबह भारत के लेह, लद्दाख में दलाई लामा से मुलाकात की।

### जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशन महादेव, तीन आतंकियों को सुरक्षा बलों ने किया ढेर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, श्रीनगर के पास दाचीगाम के जंगल के ऊपरी इलाकों में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए हैं। यह मुठभेड़ भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा एक बड़े संयुक्त अभियान के तहत शुरू की गई, जो दिन में पहले इलाके में गोलियों की आवाजें सुनने के बाद शुरू की गई थी। शीर्ष खुफिया सूत्रों ने पुष्टि की है कि मारे गए तीनों आतंकवादी पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े विदेशी नागरिक थे। उन्होंने आगे कहा कि यह मुठभेड़ एक महीने तक चले खुफिया-आधारित अभियान का नतीजा थी। दावा किया जा रहा है कि ये ये तीनों पहलगाम में हुए हालिया आतंकवादी हमले में शामिल थे है। उन्होंने बताया कि जब सुरक्षा बल इलाके में तलाश अभियान चला रहे थे तब दूर से दो गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी।

# शारदा विश्वविद्यालय ने छात्रा की आत्महत्या पर प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई: उच्चतम न्यायालय को बताया गया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उच्चतम न्यायालय को सूचित किया गया है कि ग्रेटर नोएडा स्थित शारदा विश्वविद्यालय ने एक छात्रा की कथित तौर पर आत्महत्या की घटना की प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई बल्कि उसके माता-पिता ने दर्ज कराई और सुरक्षा गार्डों ने छात्रावास के पंखे से लटकी छात्रा के शव को नीचे उतारा था।

यह जानकारी वरिष्ठ अधिवक्ता अपर्णा भट्ट द्वारा दायर स्थिति रिपोर्ट में दी गई। उन्हें उच्चतम न्यायालय ने इस



मामले में सहायता के लिए न्यायमित्र नियुक्त किया है। न्यायमूर्ति जे बी परदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ सोमवार को मामले की सुनवाई कर सकती है।

रिपोर्ट में भट्ट ने कहा कि शारदा विश्वविद्यालय से संबंधित घटना में प्राथमिकी विश्वविद्यालय द्वारा नहीं, बल्कि अभिभावकों द्वारा दर्ज कराई गई थी और सुसाइड नोट में नामित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पोस्टमार्टम से पता चला है कि मौत दम घुटने से हुई है और जांच जारी है तथा जल्द ही पूरी हो जाएगी। स्थिति रिपोर्ट में पुलिस का पक्ष भी शामिल किया गया है, जिसमें उसने दावा किया है कि ऐसे मामलों में जिन प्रोटोकॉल का पालन किया जाता है उनकाविश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने उल्लंघन किया।

इसी प्रकार, भट्ट ने आईआईटी-खड़गपुर मामले में जांच की स्थिति भी बताई, जहां चौथे वर्ष के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्राथमिकी विश्वविद्यालय द्वारा दर्ज कराई गई थी, जिसमें किसी को भी आरोपी नहीं बनाया गया, पोस्टमार्टम के नतीजों के बारे में जानकारी नहीं है और जांच की स्थिति भी ज्ञात नहीं है क्योंकि पुलिस ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

# ओडिशा में बाढ़ से तबाही, छह जिलों में 11,000 से अधिक लोग प्रभावित

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, ओडिशा में बाढ़ से छह जिलों के 11,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, सुंदरगढ़ और क्योंझर जिलों के प्रभावित इलाकों से 1,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए विशेष राहत आयुक्त डी.के. सिंह ने कहा कि भारी बारिश के कारण सुवर्णरेखा, वैतरणी और जलका नदियों में आई बाढ़ से यह स्थिति उत्पन्न हुई। सिंह ने बताया कि बालासोर जिले में ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल (ओडीआरएएफ) की पांच टीमें, एनडीआरएफ की एक टीम और अग्निशमन सेवा की 26 टीमें तैनात की गई हैं। उन्होंने बताया कि मयूरभंज जिले में ओडीआरएएफ की एक और अग्निशमन सेवा की 23 टीमें तैनात की गई हैं। सिंह ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी। ब चाव एवं राहत कार्यों के लिए इन जिलों में कुल 106 बचाव नौकाएं भी तैनात की गई हैं। सिंह ने कहा कि स्वर्णरेखा को छोड़कर सभी प्रमुख नदियों का जलस्तर घट रहा है।

# लोकसभा में हंगामा जारी...

**ओम बिरला ने राहुल गांधी से कहा– नेताओं को समझाओ जनता ने पर्चियां फेंकने नहीं भेजा**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को सदन में प्रश्नकाल के दौरान नारेबाजी करने पर विपक्षी सांसदों को आड़े-हाथों लिया और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से कहा कि वह अपने दल के नेताओं को समझाएं कि जनता ने उन्हें पर्चियां फेंकने तथा तख्तियां लाने के लिए नहीं भेजा है।

बिरला ने यह भी कहा कि देश यह जानना चाहता है कि आखिर प्रश्नकाल को नियोजित तरीके से क्यों बाधित किया जा रहा है? कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर लोकसभा में सोमवार को भी नारेबाजी जारी रखी। सदन की बैठक प्रारंभ होने



पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरू कराया, विपक्षी दलों के सदस्य एसआईआर वापस लो के नारे लगाने लगे।

बिरला ने कहा, क्या आप सदन बाधित करना चाहते हैं, क्या ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा नहीं करना चाहते? आप लोग आए थे और कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होनी चाहिए...आखिर अब सदन क्यों नहीं चलने दे रहे? उन्होंने सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से कहा, माननीय नेता प्रतिपक्ष, आप अपने नेताओं को समझाओ कि इन्हें सदन में पर्चिया फेंकने और तख्तियां लाने के लिए नहीं भेजा गया है।

लोकसभा अध्यक्ष ने नारेबाजी कर रहे सांसदों से कहा, आप नियोजित तरीके से सदन को बाधित करते हैं, संसद की गरिमा को गिराते हैं, आप सदन में चर्चा नहीं कराना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि देश जानना चाहता है कि क्या आप नियोजित तरीके से प्रश्नकाल नहीं चलाना चाहते? बिरला ने कहा, प्रश्नकाल में माननीय सदस्यों को बोलने नहीं दिया जा रहा है। यह तरीका उचित नहीं है...सदन सबका है। यह देश की 140 करोड़ जनता की अभिव्यक्ति की सर्वोच्च संस्था है।

# बाराबंकी में अवसानेश्वर महादेव में हुआ मंदिर बड़ा हादसा, भगदड़ से 2 की जान गई, 32 लोग घायल

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

बाराबंकी, उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में अवसानेश्वर महादेव मंदिर के बाहर सोमवार तड़के मची भगदड़ में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 32 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब बिजली का तार टिन शेड पर गिर गया, जिससे कई लोगों को करंट लग गया। सावन के तीसरे सोमवार को दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े थे। मृतकों में से एक की पहचान लोनीकटरा थाना क्षेत्र के मुबारकपुरा गाँव के 22 वर्षीय प्रशांत के रूप में हुई है। दूसरे व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। दोनों की त्रिवेदीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान मौत हो गई।



पुलिस ने बताया कि सावन के सोमवार को अवसानेश्वर मंदिर में जलाभिषेक के दौरान बिजली का तार टूटकर गिर गया, जिससे वहां टीन शेड में करंट आ गया और लोग घबरा गए। उसने बताया कि इसी से मंदिर परिसर में भगदड़ मच गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में कम से कम 32 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए, जिनमें से दो की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि लोनीकटरा थाना क्षेत्र के मुबारकपुरा गांव निवासी प्रशांत (22) और एक अन्य 30 वर्षीय श्रद्धालु की त्रिवेदीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह घटना उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित मनसा देवी मंदिर की ओर जाने वाले सीढ़ी मार्ग पर मची भगदड़ में आठ लोगों की मौत के एक दिन बाद हुई है।

पुलिस के अनुसार बिजली का करंट फैलने की अफवाह के कारण लोग दहशत में आ गए जिसके बाद भगदड़ मच गई। अधिकारियों ने बताया कि सीएचसी में कुल 10 घायलों को लाया गया, जिनमें से पांच को हालत गंभीर होने के कारण उच्च स्तरीय केंद्र रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि हैदरगढ़ सीएचसी में 26 घायलों को भर्ती कराया गया जिनमें से एक को गंभीर स्थिति में किसी अन्य अस्पताल में रेफर किया गया है। हादसे के बाद मंदिर परिसर और इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालने की कोशिश की। इस मामले में जांच जारी है। जिलाधिकारी (डीएम) शशांक त्रिपाठी ने बताया कि मंदिर में जलाभिषेक के दौरान बंदरों ने बिजली का तार तोड़ दिया जिससे तीन शेड में करंट आने से परिसर में भगदड़ मच गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में दो व्यक्तियों की मौत हो गई और दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि घायलों का सीएचसी एवं जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

# पत्नी के हत्यारे पति ने खुद भी फांसी लगाकर दी जान, नंगे पांव हुआ था घर से फरार

## पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे दोनों शवों को परिजनों ने नम आंखों से अंतिम संस्कार कर दिया

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। माल के पकरा बाजार गांव में अपनी पत्नी सीमा की ईंट से कूचकर हत्या करने वाले रवि ने सोमवार सुबह फंदे से लटक कर जान दे दी। उसका शव गांव से कुछ दूर अकबरपुर गांव की एक बाग में पेड़ से लटका मिला. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



मृतक रवि फाइल – फोटो



मृतक के घर पर इकट्ठा भारी भीड़

सहायक पुलिस आयुक्त मलिहाबाद विनीत सिंह ने बताया कि इस मामले में सभी बिंदुओं पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### भागते समय रो रहा था रवि

पुलिस ने बताया कि अकबरपुर गांव के लोगों से सूचना मिली थी कि हरनाथ दीक्षित के बाग में एक शव लटका हुआ है। शव को कब्जे में लेकर जब शिनाख्त की गई तो पता चला कि यह रवि है, जिसकी तलाश की जा रही थी। इस पर परिवारीजन को सूचना दी। चाचा मधुराम ने बताया कि सीमा की हत्या करने के बाद रवि नंगे पांव भागते समय रो रहा था। जिससे स्पष्ट है कि वह काफी दुखी था। किसी बात पर आवेशित होकर पत्नी को मार तो दिया पर उसकी मौत बर्दाश्त नहीं कर सका।

### बच्ची के साथ नाच रहा था

वहीं, पड़ोसियों ने बताया कि घटना से पहले रवि बहुत खुश था। दूध, नमकीन समेत अन्य सामान वह घर लेकर आया था। घर आते ही उसने सीमा से नाश्ता बनाने के लिए कहा और फिर अपनी पांच साल की बच्ची के साथ तेज गाने पर नाच रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर उसका पत्नी से विवाद हो गया और इसके बाद रवि ने आवेश में आकर सीमा की हत्या कर दी।

### शनिवार को जाना था चंडीगढ़

रवि रावत के बहनोई रामभजन इन दिनों काफी बीमार हैं। उन्हें देखने के लिए ही वह चंडीगढ़ से पत्नी सीमा व छोटी बेटी के साथ माल स्थित अपने घर आया था। वह शनिवार को उन्हें देखकर वापस चंडीगढ़ जाने लगा तो बहन ने उसे जाने से रोक लिया था। बहन ने कहा था कि बहनोई की हालत गंभीर है। कुछ जरूरत पड़ेगी तो चंडीगढ़ से जल्द नहीं आ नहीं पाओगे। इसी के चलते वह पत्नी के साथ कुछ दिनों के लिए यहां और रुक गया था।

पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने दोनों शवों को परिजनों को सौंप दिया देर शाम परिजनों ने दोनों शवों का अंतिम संस्कार कर दिया।

# रिटायर्ड अधिकारी की करोड़ों की जमीन बेचने वाला फर्जी किसान गैंगस्टर गिरफ्तार.......

**अमन लेखनी समाचार**



मोहनलालगंज। कुछ दिन पूर्व मोहनलालगंज तहसील में बहुचर्चित फर्जी किसान बनकर रजिस्ट्री करने वाले मामले में मोहनलालगंज एसीपी रजनीश वर्मा के नेतृत्व में निगोहां पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी फर्जी किसान रिटायर्ड आईटीआई अधिकारी बनकर रजिस्ट्री करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार ।घटनाक्रम निगोहां थाना क्षेत्र के पुरहिया गांव में स्थित एक रिटायर्ड आईटीआई अधिकारी की बहुमूल्य कृषि भूमि को फर्जी दस्तावेजों के जरिए बेचने की कोशिश करने वाले एक शातिर गैंगस्टर को निगोहां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपी का नाम राजेश सिंह निवासी सरकंडी, थाना असोथर, जनपद फतेहपुर का रहने वाला है जो पूर्व में आशियाना सोना लूटकांड का आरोपी रह चुका है और गैंगस्टर एक्ट तहत वांछित था गिरफ्तार किए गए राजेश सिंह ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खुद को चंद्र किशोर नाम के किसान दिखाकर एक डॉ. ईशा त्यागी को करीब पांच बीघे जमीन बेचने की योजना बनाई थी यह जमीन वास्तव में कृष्ण बहादुर सिंह नामक व्यक्ति की है जो ग्राम सरकंडी का निवासी है और वर्तमान में लखनऊ के एलडीए कॉलोनी, आशियाना में किराए पर रह रहा है ।आरोपी राजेश सिंह ने अपने साथियों पाल, महेंद्र यादव, सौम्य पटेल और रंजीत यादव के साथ मिलकर एक शातिर योजना बनाई गैंग ने पहले डॉ. ईशा त्यागी से संपर्क किया और उन्हें यह भरोसा दिलाया कि वे जिस जमीन की तलाश कर रही हैं, वह उन्हें आसानी से उपलब्ध कराई जा सकती है फिर खुद को असली किसान चंद्र किशोर बताते हुए फर्जी आधार कार्ड, शपथ पत्र और अन्य दस्तावेज तैयार करवाए गए इसके बाद फर्जी गवाहों और बिचौलियों के जरिए ईशा त्यागी को विश्वास में लेकर भूमि की बिक्री के एवज में दो लाख रुपये एडवांस भी ले लिए गए और आगे पांच लाख और देने की बात तय की गई थी ईशा त्यागी को विश्वास था कि वे असली किसान से जमीन खरीद रही हैं, लेकिन जांच में सामने आया कि यह एक पूरी तरह से फर्जीवाड़ा था ।जैसे ही मामला निगोहां थाने में दर्ज हुआ एसीपी रजनीश वर्मा के निर्देशन पर निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी की टीम ने सक्रियता से जांच शुरू की आरोपी राजेश सिंह को सोमवार सुबह लखनऊ के आशियाना थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया इस गैंग से जुड़े दो अन्य आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है शेष फरार अभियुक्तों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है यह जमीन ग्राम पुरहिया निगोहां थाना में स्थित है, जिसकी गाटा संख्या 118, 189, 212, और 215 है।

# जब संसार से निराशा मिलती है, तभी मानव भगवान की शरण में जाता है-कथा व्यास जयशंकर प्रसाद शुक्ला

**अमन लेखनी समाचार**



मोहनलालगंज। निगोहां क्षेत्र के दखिना गांव में चल रही श्री शिव महापुराण कथा में जब संसार से आशा टूटने लगती है जब अपनों से ही पीड़ा मिलती है तब मानव की आत्मा ईश्वर की शरण में शांति और समाधान खोजती है ऐसा ही भाव देखने को मिला जहां श्रद्धालु भारी संख्या में एकत्र होकर भगवान भोलेनाथ की महिमा का श्रवण कर रहे हैं कथाव्यास श्री जयशंकर प्रसाद शुक्ला जी महाराज ने कथा के पहले दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ₹जब मनुष्य को संसार में चारों ओर से निराशा और दुःख मिलता है, तब वह प्रभु की शरण में आता है भगवान शिव ऐसे देवता हैं जो बिना भेदभाव के सबको अपनाते हैं उनमें परमगति और मोक्ष प्राप्ति संभव है महाराज ने कथा के दौरान भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों, उनके तांडव एवं सृजन शक्ति, तथा शिवपुराण के गूढ़ रहस्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला ।उन्होंने बताया कि शिव केवल विनाश के देवता नहीं हैं, बल्कि वे सृष्टि के पालक संयम और करुणा के प्रतीक भी हैं कथा के दौरान उन्होंने कहा ₹शिव महापुराण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं है बल्कि यह जीवन का दर्शन भी है इसमें जन्म, मृत्यु, कर्म, और मोक्ष के रहस्यों को विस्तार से समझाया गया है जो मनुष्य सच्चे मन से शिव की भक्ति करता है उसके सारे पाप नष्ट हो जाते हैं और उसे जीवन के हर संकट से मुक्ति मिलती है ।₹श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया गांव की गलियों में धार्मिक संगीत गूंजता रहा और वातावरण शिव-भक्ति में सराबोर नजर आया ग्रामीण महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर वातावरण को और अधिक पावन बना दिया कथा में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और भगवान शिव की महिमा का रसपान कर रहे हैं शिव महापुराण कथा का आयोजन स्थानीय ग्रामवासी समिति द्वारा किया गया है, जिसमें सप्ताह भर चलने वाले धार्मिक कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं इसके अंतर्गत रुद्राभिषेक, भजन संध्या, और सामूहिक आरती का आयोजन भी किया जाएगा।

# एसडीएम पवन पटेल ने सीएचसी नगराम का किया औचक निरीक्षण, पाई कई खामियां, जताई नाराजगी

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज तहसील उपजिलाधिकारी पवन पटेल ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगराम का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अस्पताल में कई खामियां पाई जिससे वे नाराज दिखे उन्होंने मौके पर मौजूद चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और अस्पताल प्रशासन को जल्द सुधार के सख्त आदेश भी दिए निरीक्षण के दौरान एसडीएम सबसे पहले अस्पताल की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया जहां गंदगी और अव्यवस्था देखी लेबर रूम में वॉशरूम की अनुपस्थिति को गंभीर खामी मानते हुए उन्होंने तत्काल सुधार की बात कही अस्पताल के टॉयलेट में गंदगी पाई गई और पानी की आपूर्ति बंद मिली वहीं बाथरूम को ताले में बंद देख कर एसडीएम ने नाराजगी जताई हैरानी की बात यह रही कि पास में ही अस्थायी बाथरूम के तौर पर अस्पताल के फ्लश बोर्ड को दीवार पर लगाकर वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई थी जिसे एसडीएम ने बेहद गैर-जिम्मेदाराना करार दिया निरीक्षण के दौरान एसडीएम पवन पटेल ने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सीय उपकरणों की भी जांच की उन्होंने अपना स्वयं का बीपी और शुगर टेस्ट करवाया, जिसके दौरान यह पता चला कि अस्पताल में मैनुअल बीपी मशीन उपलब्ध नहीं है इस लापरवाही पर उन्होंने मौके पर मौजूद डॉक्टरों को कड़ी फटकार लगाई अस्पताल के किचन रूम में भी अनियमितताएं सामने आईं एसडीएम के पहुंचने पर किचन रूम बंद मिला, जिस पर उन्होंने मौके पर ही ताला तुड़वाया और भीतर रखे राशन की जांच की इस दौरान किचन में साफ-सफाई और रख-रखाव में भी लापरवाही पाई गई ।निरीक्षण के उपरांत एसडीएम पवन पटेल ने अस्पताल प्रशासन को फटकार लगाते हुए कहा स्वास्थ्य सुविधाएं आम जनता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, और इस प्रकार की लापरवाही किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चेताया कि जल्द से जल्द सभी कमियों को दूर किया जाए, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी इस निरीक्षण के बाद स्थानीय नागरिकों में उम्मीद जगी है कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार देखने को मिलेगा और सीएचसी नगराम में व्यवस्था पहले से बेहतर होगी।



# पिपलेश्वर महादेव मंदिर सावन के तीसरे सोमवार को विशाल भंडारा, लोगो ने ग्रहण किया प्रसाद



**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कस्बे स्थित वन विभाग कार्यालय के पास स्थित प्राचीन पिपलेश्वर महादेव मंदिर में सावन माह के तीसरे सोमवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया यह आयोजन समाजसेवी विनय मिश्रा द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा व जनकल्याण की भावना से कराया गया भंडारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी मंदिर में जलाभिषेक और पूजन-अर्चन के बाद भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया अनुमानतः हजारों श्रद्धालुओं ने इस आयोजन में भाग लेते हुए प्रसाद ग्रहण किया समाजसेवी विनय मिश्रा ने कहा कि सावन मास भगवान शिव की आराधना का पवित्र अवसर होता है और इसी भावना से यह भंडारा आयोजित किया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग पुण्य लाभ प्राप्त कर सकें उन्होंने आयोजन में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया कस्बे के लोगों और श्रद्धालुओं ने विनय मिश्रा द्वारा आयोजित इस भंडारे की सराहना की और इसे सेवा व भक्ति का उत्तम उदाहरण बताया।

# दबंगों ने शराब पीकर मचाया हुड़दंग,विरोध करने पर अध्यक्ष के ऊपर ईंट से किया हमला

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर में रविवार देर शाम दबंगों ने हिंद नगर पार्क में शराब पीकर हुड़दंग मचाया। विरोध करने पर हिन्द नगर सोसाइटी के अध्यक्ष से गाली गलौज कर उसके ऊपर ईंट से हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया।इस मामले में पीड़ित ने तीन नाम जद सहित आधा दर्जन से अधिक युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है, सरोजनी नगर के हिंद नगर में रहने वाले और सोसाइटी अध्यक्ष अभय सिंह उर्फ रिंकू के मुताबिक रविवार देर शाम हिंद नगर शिव मंदिर पार्क में कुछ युवक इकट्ठा होकर शोर शराबा करते हुए बर्थडे पार्टी मना रहे थे।बताते हैं कि करीब 20 -25 युवक शराब के नशे में धुत होकर हुड़दंग कर रहे थे। शोर शराबा सुनकर पहुंचे अभय ने उन्हें शोर शराबा करने से मना किया ,्बस इसी पर सभी दबंग भड़क गए और अभय से गाली गलौज करने लगे। अभय ने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने उससे हाथापाई शुरू कर दी और ईंट गुम्मों से उसके ऊपर हमला कर दिया।बाद में जान से मारने की धमकी भी दी क इस घटना में अभय के सिर में ईंट पड़ने से वह लहुलुहान हो गया। बाद में पीड़ित अभय को सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा कर उसका इलाज कराया गया।पीड़ित अभय के मुताबिक यहां शोर शराबा कर रहे युवकों में से तीन युवकों के नाम पता मालूम हो गया है।इसमें सरोजनी नगर के बदाली खेड़ा निवासी अमन, पुरानी चुंगी, कानपुर रोड निवासी सुमित कुमार उर्फ मुन्ना और देव सिंह है।इस मामले में अभय ने इन तीनों के अलावा उनके अन्य साथियों पर आरोप लगाते हुए सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। उधर इस मामले में किसी ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस वीडियो में कई युवक गाली गलौज करते हुए नजर आ रहे हैं।

# डॉ. शुक्ला को इंटरनेशनल आयुष कांक्लेव 2025 में मिला आयुष भूषण' सम्मान.....

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज क्षेत्रवासियों के लिए यह गर्व का विषय है कि कल्ली पश्चिम स्थित 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय के मुख्य अधीक्षक डॉ. शुक्ला गोआ को देश-विदेश के विशेषज्ञों के बीच आयुष चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए 'आयुष भूषण सम्मान' से नवाजा गया है यह सम्मान उन्हें इंटरनेशनल आयुष कांक्लेव 2025 में प्रदान किया गया जो हाल ही में गोवा में आयोजित हुआ कांक्लेव में आयुर्वेद योग यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी समेत सभी आयुष पद्धतियों से जुड़े विशेषज्ञ शामिल हुए इस मंच पर डॉ. शुक्ला ने ₹इंटीग्रेटेड अप्रोच फॉर मैनेजमेंट ऑफ लाइफस्टाइल डिसऑर्डर्स₹ विषय पर अपना शोध आधारित व्याख्यान प्रस्तुत किया जिसे देश-विदेश से आए विशेषज्ञों ने सराहा।





### लाइफस्टाइल डिसऑर्डर्स के प्रबंधन में इंटीग्रेटेड अप्रोच पर दिया प्रभावशाली व्याख्यान

डॉ. शुक्ला के अनुसार बदलती जीवनशैली के कारण मधुमेह मोटापा उच्च रक्तचार तनाव जैसे रोगों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है इन समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने आयुष की विभिन्न पद्धतियों का समन्वित उपयोग करने की जरूरत को रेखांकित किया उनका मानना है कि यदि आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ-साथ आयुष चिकित्सा का भी समावेश किया जाए तो इन रोगों का प्रभावी रूप से प्रबंधन किया जा सकता है इस सम्मान से मोहनलालगंज क्षेत्र ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की आयुष चिकित्सा व्यवस्था को भी नई पहचान मिली है ।स्थानीय नागरिकों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने डॉ. शुक्ला को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उनके इस योगदान से भविष्य में प्रदेश में आयुष चिकित्सा को और अधिक बढ़ावा मिलने की संभावना है ।स्थानीय लोगों ने बताया कि डॉ. शुक्ला का व्यवहार मरीजों के प्रति अत्यंत सहानुभूतिपूर्ण है वह लंबे समय से ग्रामीण अंचलों में आयुष चिकित्सा को सरल सुलभ और प्रभावी बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं उनका यह सम्मान निश्चित रूप से नवोदित चिकित्सकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

# पार्षद गीता देवी गुप्ता के कैंप कार्यालय में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की आयोजित

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ।सरोजनी नगर विधायक के निर्देश पर सोमवार को सरोजनी नगर प्रथम वार्ड की पार्षद गीता देवी गुप्ता के कैंप कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के सभी सेक्टर संयोजक, बूथ, मंडल और वार्ड अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इसी दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत मन की बात कार्यक्रम को भी सामूहिक रूप से सुना गया। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्य योजनाओं की रूपरेखा तैयार करना और जन समस्याओं के समाधान के लिए रणनीति बनाने जैसी समीक्षा की गई। बैठक में भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री संजय गुप्ता ने कहा कि संगठन तभी सशक्त होता है, जब उसके कार्यकर्ता निष्ठा, अनुशासन और समर्पण की भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि हमें जन सेवा को ही अपना सर्वोच्च उद्देश्य मानते हुए प्रत्येक कार्य में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। आज का यह संवाद न केवल मार्गदर्शन देने वाला है, बल्कि हम सबको नई ऊर्जा और दिशा भी प्रदान करता है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से आगामी कार्यों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। वहीं बैठक के बाद मौजूद लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनने के साथ ही संगठन की मजबूती सेवा और समर्पण के साथ जनहित में कार्य करने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर पार्षद गीता देवी गुप्ता के अलावा मंडल अध्यक्ष केके श्रीवास्तव, मंडल महामंत्री नीरज श्रीवास्तव, वार्ड अध्यक्ष सुनीता श्रीवास्तव, प्रेमलता, सीमा सिंह, पूजा सिंह, साधना गुप्ता, सत्येंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, राकेश सिंह, रामदुलारी महतो, नरेंद्र तिवारी, रामेश्वर त्यागी, विजय कुमार गुप्ता, मनोज कुमार पांडे, अनिल सिंह, कमल नारायण शर्मा, ओमप्रकाश, किशोर कुमार, विनोद चौरसिया, आलोक अवस्थी, विपिन सिंह, अजीत कुमार, सतीश साहू, प्रदीप कुमार और दीपक शाह सहित तमाम अन्य लोग मौजूद रहे।



# चलता डाला बना आग का गोला, चालक परिचालक ने कूदकर बचाई जान

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। सोमवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मलिहाबाद के सन्यासीबाग अंडरपास के ऊपर लखनऊ-हरदोई हाइवे पर एक चलते डाले में अचानक आग लग गई। लखनऊ आलमनगर अशोक विहार निवासी चालक सूरज चौरसिया सीएनजी डाले में घरेलू सामान लेकर जा रहा था। उसके साथ वाहन स्वामी विजय कुमार का भाई सुनील भी मौजूद था। दोनों लखनऊ से रहीमाबाद के तरौना गांव जा रहे थे। रास्ते में सीएनजी डाले में शॉर्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई। डाले से धुआं निकलता देख चालक सूरज ने तुरंत गाड़ी को सड़क किनारे लगाया। इसके बाद सूरज और सुनील दोनों ने डाले से कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। बीस मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक डाला पूरी तरह जल चुका था। चालक सूरज का कहना है कि इंजन के अधिक गर्म होने के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे आग लगी। डाले में लकड़ी, टायर सहित अन्य घरेलू सामान रखा था, जो जलकर राख हो गया। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही टीम मौके पर पहुंची दमकल टीम द्वारा कुछ ही मिनटों में डाले में लगी आग पर काबू पा लिया गया।



सड़क पर आग का गोला बना डाला

# महिला ने ससुरालीजनों पर जान से मारने की धमकी और दहेज उत्पीड़न की कराई रिपोर्ट दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ।काकोरी के बिराहिम गंज में रहने वाली महिला रीता ने बंथरा के भदोई निवासी अपने पति राज, ससुर संजय, देवर व अन्य ससुराल वालों के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी और दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है।रीता के मुताबिक उसकी शादी हिंदू रीति रिवाज से राज के साथ हुई थी।लेकिन ससुराल वालों के मन मुताबिक मायके वाले उन्हें दहेज नहीं दे पाए। रीता का कहना है कि वह दहेज को लेकर आए दिन उसे मारते पीटते हैं। उससे कूलर, कलर टीवी, सोने की चेन और 5 लाख रुपये की मांग की जाती है, ना देने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़िता का कहना है कि चार बार आरोपी उसके साथ मारपीट कर चुके हैं। रीता का कहना है कि लेकिन इसके बाद भी उसके मायके वाले पैसे नहीं दे पाए तो आरोपियों ने 26 जुलाई को रात करीब 9 बजे उसे जान से मारने की योजना बनाई। इस दौरान पीड़िता ने उनकी बातें सुन ली और इसकी सूचना अपने मायके वालों को दी। सूचना के बाद उसके भाई ने 112 नंबर पर घटना की जानकारी दी और वह अपनी मां को लेकर पुलिस के साथ ससुराल पहुंच गया। पीड़िता का कहना है कि इस बीच ससुराल वालों ने उसका गला दबा दिया था और जान से मारने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन तब तक पुलिस के पहुंचने से उसकी जान बच गई। पर गले में काफी चोट आई है। फिलहाल बंथरा पुलिस ने पीड़ित रीता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# ब्लाक प्रमुख ने ग्राम पंचायत सुल्सामऊ के तीन गांवों में विकास कार्यों का किया उद्घाटन

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ल 'विन्ध्येश्वरी' ने सोमवार को ग्राम पंचायत सुल्सामऊ के तीन गांवों में विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में बीजेपी कार्यकताओं के साथ ग्रामीण मौजूद रहे ललूमर गांव में डामर रोड से निशा सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण किया गया है प्राथमिक विद्यालय मीनापुर व प्राथमिक विद्यालय हिलगी में बच्चों के लिए एक-एक वाटर कूलर भी लगाया गया है ।इससे अब विद्यालय के बच्चों को स्वच्छ और ठंडा पानी पीने की सुविधा मिलेगी प्राथमिक विद्यालय मीनापुर के प्रधानाध्यापक विमल किशोर ने बताया कि भीषण गर्मी में बच्चों को पीने के पानी की समस्या को देखते हुए, इस समस्या से उन्होंने ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ल ₹विंध्येश्वरी₹ को अवगत कराया ब्लाक प्रमुख ने स्वच्छ पेयजल की समस्या को गंभीरता से लेकर विद्यालय में ठंडे पानी के वाटर कूलर की व्यवस्था विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चो को उपलब्ध कराई है इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ल ₹विंध्येश्वरी ने कहा कि हमने बच्चों की सुविधा के लिए क्षेत्र के लगभग हर विद्यालय में स्थायीरूप से वाटर कूलर लगाने का निर्णय लिया है। इससे विद्यार्थियों को निरंतर ठंडा पानी उपलब्ध रहेगा। और अधिकांश विद्यालयों में वाटर कूलर लगाए जा चुके हैं ।उन्होंने कहा कि शिक्षा सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों को बेहतर वातावरण और सुविधाएँ भी मिलनी चाहिए ग्रामीणों ने बताया कि इन नई सड़कों से बरसात के मौसम में कीचड़ की समस्या से राहत मिलेगी उन्हें अब आवागमन के लिए बेहतर रास्ता मिल गया है।



## संक्षेप

### अपनी निधि से विधायक ने विद्यालय को दिया इनवर्टर बैटरा

सुमेरपुर, उन्नाव। विकास खंड क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय मलयपुर में भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला ने अपनी निधि से विद्यालय को डबल सेट का इन्वर्टर बैटरी उपलब्ध कराया जिससे शिक्षको, बच्चो के साथ उनके अभिवावकों में भी खुशी की लहर दौड़ गयी। मलयपुर विद्यालय में नियुक्त शिक्षक आशीष दीक्षित व उनके सहयोगी स्टाफ के निरंतर प्रयासों से बच्चो के द्वारा किये जाने वाले रचनात्मक, कला कौशल कार्यो से विद्यालय अपने उत्कर्ष प्रदर्शन के लिए जिले में जाना जाता है। विद्यालय में हुए एक कार्यक्रम के दौरान विधायक शुक्ला ने इस विद्यालय की उपलब्धि को देखकर डबल सेट इन्वर्टर, बैटरी देने की बात कही थी। जुलाई माह में ही विद्यालय में इन्वर्टर बैटरी लग जाने से भीषण गर्मी से बच्चो को निजात मिलने लगी शिक्षक आशीष कुमार दीक्षित ने बताया कि विद्यालय का आभार व्यक्त करने के लिए बच्चों ने रचनात्मकता एवं लगन से धन्यवाद पत्र बनाए हैं। जिन्हें माननीय विधायक जी तक पहुंचाया जाएगा। विद्यालय परिवार के प्रधान शिक्षक अजीत कुमार सिंह, सहायक शिक्षक मुकेश सचान, वीरेन्द्र कुमार, आरती यादव, गोपाल यादव , विनय शंकर, उषा देवी सहित बच्चों ने विधायक के आगमन एवं किए गए सहयोग के प्रति आभार जताया है।

### डिवाइडर से टकराकर बाइक पलटी, एक की मौत, दो घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सोमवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। किलोमीटर संख्या 227 के सामने एक बाइक डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में बाइक चालक दिव्यांशु 25 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर सवार अन्य दो युवक अंबुज 28 वर्ष और ऋषभ 18 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए।तीनों युवक बिहार के गया जिले में पेंट का काम करते थे और अपने गांव कन्नौज आ रहे थे। मृतक दिव्यांशु कन्नौज के जसोदा थाना क्षेत्र के ताखेपुरवा गांव का निवासी था। अंबुज भी इसी गांव का रहने वाला है जबकि ऋषभ अंबर पुरवा गांव का निवासी है पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया घटना की सूचना पुलिस ने परिजनों को दे दी है।

### विवाद के बाद युवक ने पूर्व प्रधान की काटी नाक, हालत गंभीर

पुरवा, उन्नाव। थाना क्षेत्र में पूर्व प्रधान रामलाल की नाक पड़ोसी गांव के एक युवक ने काट ली। कोतवाली क्षेत्र के मझिगवा निवासी पूर्व प्रधान की पत्नी ममता ने पुरवा कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि 27 जुलाई 2025 को शाम लगभग 6 बजे उसके पति रामलाल गांव की पुलिया पर सामान लेने गए थे। वहां पड़ोसी गांव नारायणपुर के विशाल पुत्र बाबूलाल से उनका विवाद हो गया। विवाद के दौरान विशाल ने रामलाल की नाक दांत से काट दी। इसके साथ ही लात-घूंसों से मारपीट भी की। शोर सुनकर ममता का भतीजा लोकनाथ मौके पर पहुंचा और रामलाल को बचाया। आरोपी विशाल जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया पीड़िता ने पुलिस से मामला दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## देर रात से सुबह तक मार्ग पर लगा रहा भीषण जाम, राहगीर परेशान

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। हरदोई मार्ग पर रविवार देर रात से सोमवार सुबह तक जाम की स्थिति बनी रही। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे कट से लेकर हरदोई के मल्लावां तक करीब 8 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। इससे आम लोगों के साथ स्कूली बच्चे, मरीज और वीआईपी भी परेशान हुए। जाम का कारण मल्लावां में सुनातीनाथ मंदिर के पास पुलिस द्वारा लगाए गए बैरियर थे। पुलिस ने भारी वाहनों को रोका था। उन्नाव से हरदोई जा रहे ट्रकों को रोकने से ट्रैफिक का दबाव गंजमुरादाबाद चौकी तक बढ़ गया। ट्रकों की लंबी कतारें लगने से स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई।राहगीरों के अनुसार रात 11 बजे के बाद वाहन धीरे-धीरे रुकने लगे। कुछ ही घंटों में पूरी सड़क पर यातायात थम गया। स्थिति को देखते हुए बांगरमऊ कोतवाली और ट्रैफिक पुलिस को मौके पर तैनात किया गया। पुलिस बैरिकेडिंग हटाने और ट्रैफिक डायवर्ट करने का प्रयास कर रही है। लेकिन सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण हरदोई और उन्नाव प्रशासन के बीच तालमेल की कमी दिखी। दोनों जिलों की सीमाओं पर वाहनों की कतारें लगी रहीं।जाम में स्कूली वाहन, मरीजों को ले जा रही एंबुलेंस और जरूरी कामों से निकले सैकड़ों लोग फंस गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि जाम से राहत के लिए कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई। इससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई। कई वाहन चालक रातभर जाम में फंसे रहे। उन्हें खाने-पीने की भी व्यवस्था नहीं मिल सकी। स्थानीय प्रशासन के अनुसार जाम मल्लावां में ट्रकों को एक साथ रोकने से हुई। बैरियर लगाकर ट्रकों को रोकने से पीछे तक ट्रैफिक की कतारें बन गईं।जाम की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बांगरमऊ पुलिस सक्रिय रूप से काम कर रही है। ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गों से निकालने की कोशिश की जा रही है। इस जाम के कारण गंजमुरादाबाद से लेकर मल्लावां तक का पूरा क्षेत्र प्रभावित हुआ है। लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस ने अपील की है कि अगले कुछ घंटों तक इस मार्ग से यात्रा करने से बचें और वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करें।

## बाबा वरंदा वनेश्वर धाम में भव्य रुद्राभिषेक का सामूहिक आयोजन

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के पट्टी उष्मान मे स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक बाबा वरंदा वनेश्वर धाम में आज शिवभक्तों द्वारा सामूहिक श्रद्धा एवं विधिपूर्वक रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ।इस आयोजन में ग्रामवासियों समेत क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, दही, घी, शहद, पंचामृत तथा पुष्प अर्पित कर बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

भोलेनाथ के दिव्य श्रृंगार के साथ मंदिर परिसर शिवभक्ति से सराबोर हो गया। शिवलिंग को बेलपत्र, चंदन, फूलों की मालाओं से सजाया गया। भक्तों ने हर-हर महादेव के जयघोषों के साथ वातावरण को गुंजायमान कर दिया रूद्राभिषेक पूजन कार्यक्रम आचार्य पंडित देवकी नंदन मिश्र, आचार्य शेखर मिश्र और आचार्य राजेश तिवारी जी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार, रुद्रपाठ और शिव स्तुति से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। पूजा उपरांत श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।विशेष बात ।।यह रही कि बाबा वरंदा वनेश्वर धाम को केंद्र सरकार द्वारा पौराणिक स्थलों के संरक्षण और विकास योजना के अंतर्गत मान्यता प्राप्त हो गई है। इससे इस ऐतिहासिक स्थल का न केवल सौंदर्यीकरण और संरचनात्मक विकास होगा, बल्कि आने वाले समय में यह धार्मिक पर्यटन के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरेगा।मंदिर परिसर में स्थित वर्ष 1860 के ऐतिहासिक शिलालेख ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया, जो इस धाम की प्राचीनता और सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक है। यह संपूर्ण धार्मिक दोरा ग्रामवासियों की सहभागिता एवं श्रद्धालुओं के सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, इसमौके पर प्रधान अनुज कुशवाहा .सतेन्द्र पांडेय प्रेमनारायण तिवारी .सौरभ कुशवाहा .आशीष कुशवाहा .अनिल विश्र्वकर्मा .अनुराग कुशवाहा .राजेश कुशवाहा .सोनू विश्वकर्मा .सोनू सैनी .मूलचंद सैनी सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे जो पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना और सामुदायिक एकता का प्रतीक बन गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। नाना नानी के घर पर रह रहे युवक का छत के कुंडे से फांसी के फंदे पर शव लटकता देख परिजनो के होश उड़ गए नाना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया वही चर्चा है कि मेला जाने से मना करने पर युवक ने शायद ये कदम उठाया है

कोतवाली क्षेत्र के सरांय सकहन गांव के मजरे रहुआढ़ीह निवासी साहबलाल के पास रह रहे फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के दारापुर गांव निवासी सचिन 18 पुत्र कन्हैयालाल का शव सोमवार की सुबह उसके कमरे की छत से गमछे के सहारे लटकता परिजनो ने देखा तो उनके होश उड़ गए मृतक के नाना साहबलाल ने बताया कि सचिन पुराने घर मे रहता था। रोज की भांति खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में चला गया।सुबह काफी देर बाद भी वह घर से बाहर नही निकला।कमरे में जाकर देखा तो उसका छत के कुंड से गमछे से लटकता शव मिला सचिन को जन्म देने के बाद उसकी मां की मौत हो गई थी बचपन से ही वो मेरे साथ रहता था और खेती बाड़ी में हाथ बटाता था।पुलिस को दी गयी सूचना में बताया कि सचिन मल्लावां स्थित सुनासीर बाबा के मेले में जाने की जिद्द कर रहा था मना करने पर आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया।प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।परिजनों ने कोई आरोप नही लगाया है, रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## रेलवे क्रासिंग पर खराब हुआ डंफर रास्ते पर रोकना पड़ा ट्रेन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सहजनी रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार को एक भारी डंपर अचानक खराब हो गया। इससे रेल लाइन पर आवागमन पूरी तरह से रुक गया। लखनऊ-कानपुर रेल मार्ग की अप और डाउन दोनों लाइनों पर ट्रेनों की आवाजाही थम गई। हादसे के कारण करीब चार ट्रेनों को बीच रास्ते में ही रोकना पड़ा। इससे रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया। डंपर सहजनी रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय पहले से ही खराब खड़े डंपर के कारण जाम लग गया। मौके पर मौजूद रेल कर्मियों ने तुरंत स्थिति की सूचना रेलवे कंट्रोल रूम को दी। इसके बाद लखनऊ-झांसी पैसेंजर और रायबरेली जाने वाली ट्रेन समेत कई ट्रेनों को समय रहते रोक दिया गया। अप लाइन और डाउन लाइन दोनों पर ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर खड़ा किया गया। यह कदम किसी बड़े हादसे को टालने के लिए उठाया गया।डंपर फंसने की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत राहत कार्य शुरू कराया। भारी वाहनों के रुकने और रेल लाइन अवरुद्ध होने से तकरीबन आधे घंटे तक रेल संचालन बाधित रहा। लखनऊ कंट्रोल रूम ने भी स्थानीय रेल अधिकारियों से घटना की पूरी रिपोर्ट मांगी। साथ ही तत्काल ट्रैक क्लियर कराए जाने के निर्देश दिए।करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद भी रेलवे ट्रैक को पूर्ण रूप से खाली नहीं कराया जा सका। ट्रेनों को 4-5 मिनट की देरी के साथ सावधानीपूर्वक गुजारा गया। फिलहाल स्थिति सामान्य हो गई है। लेकिन इस घटना ने रेलवे प्रशासन की सतर्कता और ट्रैफिक नियंत्रण पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यात्रियों को इस दौरान काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## डीआरएम ने रेलवे लाइन का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। रेल यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मण्डल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सुनील कुमार वर्मा ने लखनऊ से जैतीपुर के मध्य रेल खंड का विंडो ट्रेलिंग के माध्यम से निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य रेल संरक्षा मानकों की समीक्षा करना था। साथ ही परिचालन व्यवस्था को बेहतर बनाना और यात्रियों को अधिकतम सुविधाएं सुनिश्चित करना भी इसका लक्ष्य था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेलवे ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम और लेवल क्रॉसिंग का बारीकी से अवलोकन किया। फाटकों की स्थिति और संरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी उन्होंने ध्यान दिया। मण्डल रेल प्रबंधक ने हरौनी में बन रहे रोड ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। निर्माण की गुणवत्ता और निर्धारित समयसीमा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।इसके बाद वे जैतीपुर स्टेशन पहुंचे, जहाँ नॉन इंटरलॉकिंग कार्य प्रगति पर है। उन्होंने स्टेशन परिसर, सिग्नल प्रणाली और रिले रूम का गहन निरीक्षण किया। सिग्नल मेंटेनेंस यूनिट का भी उन्होंने जायजा लिया। नॉन इंटरलॉकिंग कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कार्यस्थल की सुरक्षा व्यवस्था देखी। कर्मचारियों को प्रदान की जा रही सुरक्षा संसाधनों और कार्य की गति का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक की। उनसे रेलवे के साथ किए जा रहे कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की। मण्डल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता में कोई लापरवाही न हो। सभी कार्य संरक्षा मानकों के अनुरूप ही सम्पन्न किए जाएं।उन्होंने कहा कि यह नॉन इंटरलॉकिंग कार्य रेल संचालन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## धूमधाम से कांवड़ यात्रा का आयोजन पुलिस प्रशासन पूरी तरह रहा मुस्तैद

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। श्रावण मास के पावन अवसर पर क्षेत्र से कांवड़ यात्रा का आयोजन धूमधाम से किया गया। कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। यात्रा की शुरूआत से लेकर मार्ग के हर प्रमुख पड़ाव पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। दरोगा इसरत हुसैन ने टीम के साथ यात्रा की निगरानी की। उनके साथ हेड कॉन्स्टेबल देव प्रकाश दूबे, कॉन्स्टेबल टिंकू कुमार, कॉन्स्टेबल दीपक कुमार व कॉन्स्टेबल रामकिशोर ने यात्रियों को सुरक्षा प्रदान की। साथ ही उन्होंने कांवड़ियों का सम्मानपूर्वक अभिवादन भी किया। सभी पुलिसकर्मियों ने गर्मजोशी से कांवड़ियों का स्वागत कर उनकी हौसला अफजाई की। इस दौरान पुलिस की पेट्रोलिंग टीम लगातार मार्ग का निरीक्षण करती रही। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थान-स्थान पर मौजूद रही। कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालु बिठूर से गंगाजल लेकर विभिन्न गांवों व कस्बों के रास्ते होते हुए अपने-अपने गंतव्यों की ओर बढ़े। यात्रा के दौरान भक्ति गीतों, ढोल-नगाड़ों और हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया।शुक्लागंज में स्थानीय समाजसेवियों व संगठनों ने कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया। जगह-जगह पर जलपान और विश्राम की व्यवस्था की गई थी। समाजसेवियों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत कर श्रद्धालुओं को फल और प्राथमिक चिकित्सा जैसी सुविधाएं भी मुहैया कराई गईं। यात्रियों ने बताया कि इस बार की व्यवस्था पहले से बेहतर है। प्रशासन व समाजसेवियों के सहयोग से यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण और भक्तिमय माहौल में सम्पन्न हो रही है। कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस और प्रशासन की सक्रियता के चलते किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं दिखी। आम जनता और श्रद्धालु दोनों ही व्यवस्था से संतुष्ट नजर आए। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि कांवड़ यात्रा के दौरान सहयोग बनाए रखें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें।

## चोरी की भैंसे व लोडर चालक समेत दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली की परियर चौकी क्षेत्र में पुलिस ने चोरी की गई दो भैंसों को बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मरौंदा मझवारा निवासी सज्जन लोधी पुत्र बदलू की दो भैंसें बीती रात चोरी हो गई थीं। काफी खोजबीन के बाद पीड़ित ने परियर चौकी में सूचना दी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए परियर चौकी प्रभारी अनिल राजपूत ने तत्काल कार्रवाई की। पुलिस टीम ने दोस्ती नगर की पुलिया के पास से दोनों भैंसों को दो चोरों के साथ बरामद कर लिया। पुलिस ने लोडर चालक पंकज पुत्र सुक्खी लाल निवासी न्यामतपुर कमलेश व गोविंद निवासी सुब्बखेड़ा परियर को वाहन सहित गिरफ्तार करके कोतवाली भेज दिया है। भैंस स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है और पशु चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

## पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी, युवक को किया गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के ककरारी गाँव मे सौम्या पत्नी रीशू उम्र 25 वर्ष की करीब एक सफ्ताह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी थी। दिवंगत के पिता सन्तोष कुमार पुत्र रामशंकर निवासी ग्राम त्रिपुरारपुर थाना पुरवा जनपद उन्नाव ने तहरीर देकर बताया था कि मेरी पुत्री सौम्या को दहेज की माँग को लेकर प्रताडित किया जाता था ,मांग पूरी न होने पर पुत्री सौम्या के ससुरालीजनों द्वारा सौम्या की गला दबाकर हत्या कर दी गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सौम्या के ससुरालीजन रीशू पुत्र राजू , कुँवारा पत्नी राजू, हिमांशू पुत्र राजू व राजू पुत्र स्व० सुखदेव पर धारा 80/85 बीएनएस व 3/4 डी0पी0 एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मुकदमे के आधार पर अभियुक्त रीशू पुत्र राजू को रेलवे क्रासिंग पुरवा मोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया । गिरफ्तार अभियुक्त रीशू पर वैधानिक कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष भेज दिया गया।

## बाबा ब्रह्मदेव कल्याण समिति की वार्षिक बैठक हुई संपन्न

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बाबा ब्रह्मदेव मंदिर प्रांगण में होने वाले वार्षिकोत्सव की बैठक आज रविवार को थी जिसमें कमेटी के सभी पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे विगत 30 वर्षों से अनवरत ये वार्षिक उत्सव होता चला आ रहा इसी वार्षिक कार्यक्रम के निर्धारण के लिए आज की बैठक रखी गई थी जिसमें 13 अक्टूबर 2025 को मां भगवती का विशाल जागरण एवं 14 अक्टूबर 2025 को संस्कृतीक नाटक एवं रंगारंग कार्यक्रम निर्धारित किया गया जिसमें कमेटी के अध्यक्ष अरविंद पटेल प्रबंधक अमित पटेल सदस्य विमल श्रीवास्तव हेमंत पटेल सचिन पटेल आशीष पटेल आदि कमेटी के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सावन माह के तीसरे सोमवार को भोलेनाथ के मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा व आस्था का जन सैलाब

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सावन माह के तीसरे सोमवार को श्रद्धा और आस्था का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही गंगाघाट पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हर तरफ हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। गंगा स्नान करने के बाद श्रद्धालु शिवालयों में जलाभिषेक के लिए पहुंचे। इससे मंदिरों में भी अपार भीड़ उमड़ आई। गंगाघाट पर अलसुबह से ही दूर-दराज से आए कांवड़ियों और श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। पुरुष, महिलाएं और बच्चे सभी ने पूरी श्रद्धा के साथ गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। स्नान के बाद लोगों ने घाट पर पूजा-अर्चना कर शिवालयों का रुख किया। प्रसिद्ध गोकुल बाबा मंदिर, राजराजेश्वरी मंदिर और अन्य शिव मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं।श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, धतूरा, भांग, दूध और गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। उन्होंने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर प्रांगण में धार्मिक भजन और शिव तांडव स्त्रोत का पाठ वातावरण को भक्तिमय बना रहा था। कई जगहों पर शिवभक्तों द्वारा भंडारे और शर्बत वितरण की व्यवस्था भी की गई थी।प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए थे। गंगाघाट और प्रमुख मंदिरों के आसपास पुलिस बल तैनात किया गया था। महिला पुलिसकर्मी भी सुरक्षा व्यवस्था संभालती नजर आईं। कांवड़ यात्रा मार्गों पर यातायात को नियंत्रित रखने के लिए रूट डायवर्जन की व्यवस्था की गई थी। नगर पालिका द्वारा सफाई व्यवस्था और पेयजल की व्यवस्था के प्रयास सराहनीय रहे। सावन के सोमवार को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष आस्था होती है। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव की पूजा से विशेष फल की प्राप्ति होती है। यही कारण रहा कि सुबह चार बजे से लेकर देर रात तक गंगा घाट से लेकर मंदिरों तक भक्तों का तांता लगा रहा।शिवभक्ति से सराबोर माहौल ने पूरे शहर को अध्यात्मिक रंग में रंग दिया। घंटों लाइन में लगकर भक्तों ने जल चढ़ाया। शिवलिंग पर दूध और गंगाजल अर्पित किया। ओम नमः शिवाय का जाप करते हुए दिनभर शिव नाम का स्मरण किया।

## खेत की मेड़ को लेकर जमकर चले लाठी डंडे मा बेटा घायल

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कटाव पोस्ट ऊच गांव सानी निवासी इंद्रपाल पुत्र रामेश्वर के खेत का पड़ोसी काश्तकार विजय पुत्र ओमप्रकाश एवं साथ में अन्य तीन अज्ञात लोगों के द्वारा मेड़ को तोड़ दिया जब युवक व उसकी मां मना करने गए तो उन लोगों के द्वारा गाली गलौज व जान से मार देने की धमकी देते हुए लाठी डंडा कुल्हाड़ी एवं फावड़े से हमला कर दिया जिससे युवक के हाथ में चोट आई तथा उसकी मां को भी छोटे आई तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

## किशोरी के साथ एक माह तक डरा-धमकाकर करता रहा युवक दुष्कर्म

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र से एक शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक युवक ने 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी पीड़िता को बहाने से बुलाता और डरा-धमकाकर उसके साथ दुराचार करता था।पुलिस के अनुसार, आरोपी लगभग एक महीने से पीड़िता के साथ यह हैवानियत कर रहा था। पीड़िता डर की वजह से किसी को इस बारे में नहीं बता पाई। मामला तब खुला जब पीड़िता की तबीयत बिगड़ गई।पीड़िता ने अपनी मां को घटना के बारे में बताया। मां तुरंत उसे अस्पताल लेकर पहुंची। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अब मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसे एक माह से लगातार बुलाता था और दुष्कर्म करता था। हालांकि, वह इसके पीछे के कारण बताने में असमर्थ है। पीड़िता के अनुसार, आरोपी जबरदस्ती करता था।

## फैक्ट्री के गंदे बदबूदार पानी से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र नेवाजी खेड़ा गांव निवासी विशाल, बाराती, विनोद राकेश आदि ग्रामीणों ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव के बाहर जय श्री कृष्णा ग्रीन इंडिया बायोफ्यूल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में ऑयल बनाया जाता है, जिसका गंदा पानी नाले में बहाया जा रहा है जिसकी वजह बदबू से ग्रामीणों को जीना दुश्वार हो गया है ग्रामीणों ने फैक्ट्री के बाहर प्रदर्शन कर डीएम को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। फैक्ट्री प्रबंधन अंकित यादव ने बताया कि थोड़े समय के लिए नाले में पानी बहाया गया था लेकिन अब पानी नहीं बहाया जा रहा है जो भी गंदा पानी है उसे फैक्ट्री में ही एकत्रित किया जा रहा है।

## गंगा स्नान कर घर वापस जा रहे बाइक सवार तीन युवकों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दो की मौत, एक की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जाजमऊ चंदन घाट से गंगा स्नान कर बाइक से लौट रहे तीन युवकों को गहरा के पास एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में आदित्य पुत्र मनोज और नितिन पुत्र दिनेश की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरा युवक अर्पित पुत्र गरीबी गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों युवक बंदरिया गांव के रहने वाले थे।पुलिस को सूचना मिलते ही बदरका चौकी इंचार्ज लक्ष्मी नारायण द्विवेदी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायल अर्पित को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देखकर कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। तीनों युवक सावन माह के चलते गंगा स्नान के लिए जाजमऊ गए थे। घर लौटते समय थाना अचलगंज क्षेत्र के गहरा मोड़ पर यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक उछलकर वाहन के नीचे आ गिरे।घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे की खबर जैसे ही गांव पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया। माता-पिता और परिजन रो-रोकर बेसुध हो गए हैं। पूरे गांव में मातम का माहौल है।

## सम्पादकीय

# झालावाड़ स्कूल हादसे के जिम्मेदारों को सजा मिले

राजस्थान के झालावाड़ के सरकारी स्कूल में हुए भीषण हादसे ने केवल इस राज्य को ही नहीं, बल्कि समूचे देश को झकझोर दिया है। झालावाड़ के पिपलोदी गांव स्थित एक स्कूल की छत ढहने से 7 मासूम बच्चों ने अपनी जान गंवा दी है, वहीं 27 बच्चे घायल हैं। देश गमगीन है। सबसे हैरत की बात यह है कि प्रशासन तभी हरकत में आता है, जब पिपलोदी गांव की तरह कोई बड़ा हादसा होता है। बड़ा सवाल है कि क्या यह महज हादसा है या शिक्षा तंत्र की प्रशासनिक लापरवाही का भयानक अंजाम? राजस्थान के शिक्षा मंत्रालय ने सभी जिलों को लिखित निर्देश दिया था कि बरसात से पहले अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलों के भवनों की स्थिति का मौका-मुआयना करें। राजस्थान में अधिकांश प्राइमरी स्कूलों के भवनों की हालत जर्जर है। यह स्थिति देश के अधिकांश अन्य सरकारी स्कूलों के भवनों की भी है। राजस्थान में चिंता की बात है कि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, उनके बेटे सांसद दुष्यंत सिंह, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के गृह जिले व अपने क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में स्थिति खराब है। इस राज्य में पांच साल कांग्रेस व पांच साल भाजपा सत्ता में रहती है, ऐसे में सूबे के सरकारी स्कूलों की दुर्दशा के लिए दोनों ही दलों की सरकारें जिम्मेदार हैं। चुनावी राजनीति में रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा के चलते दलों व सरकारों के फोकस में शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे बुनियादी विषय नहीं हैं। राजस्थान सरकार का वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्राथमिक विद्यालय के भवनों की मरम्मत के लिए बजट केवल 225 करोड़ रुपये है, जबकि अनुमान के मुताबिक राज्य के करीब 60 फीसदी से अधिक स्कूल भवनों में सुधार की आवश्यकता है। अभी कहा जा रहा है कि भारी बारिश के चलते पीपलोदी के स्कूल भवन की छत गिर गई, लेकिन राजस्थान में अनेक स्कूलों के भवन जर्जर हालते में हैं। विगत चार महीनों में करीब 700 से अधिक शिकायतें स्कूल भवन को ठीक कराने संबंधी गई हैं, लेकिन अधिकांश मामले में बजट का रोना है। शिक्षा विभाग ने बेशक पांच शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। राजस्थान मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए झालावाड़ जिला कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षा निदेशक, और एसपी को नोटिस जारी कर 7 अगस्त तक अनुपालन रिपोर्ट मांगी है, लेकिन क्या जिन बच्चों की जान सरकारी लापरवाही व भ्रष्टाचार के चलते गई है, वो लौट कर आएगी? पीपलोदी गांव के लोग गुस्से में हैं और उनका क्रोधित होना जायज भी है। सरकार स्कूलों, अस्पतालों, पुलों व अन्य सरकारी भवनों की एक नियमित अंतराल पर जांच-परख के लिए नियम क्यों नहीं बनाती है, हम अपने बच्चों, नागरिकों की सुरक्षा से खिलवाड़ कैसे कर सकते हैं। कोई निर्माण हुआ है तो, उसकी आयु भी होगी? देश में सरकारी स्कूलों के भवनों की स्थिति आमतौर पर खराब है। कुछ स्कूलों के भवन इतने जर्जर हैं कि छात्रों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो गया है। कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। सरकारी स्कूलों में अपर्याप्त वित्तपोषण व उत्तरदायित्व की कमी है। सर्व शिक्षा अभियान, मध्याह्न भोजन योजना, प्रौद्योगिकी वर्धित शिक्षा पर राष्ट्रीय कार्यक्रम, प्रज्ञाता, पीएम श्री स्कूल जैसी सरकारी पहलों से भी स्कूलों के बुनियादी ढांचे नहीं सुधर पा रहे हैं। वित्त पोषण के साथ शिक्षा तंत्र को जवाबदेह बनाना जरूरी है। बच्चों की मौत के जिम्मेदारों को सजा मिलनी जरूरी है।



विश्लेषण
उमेश चतुर्वेदी

# मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण जरूरी

> एक हालिया शोध के अनुसार बिहार में करीब 77 लाख फर्जी वोटर हैं। ये वोटर अल्पसंख्यक वर्ग वाले सिर्फ विदेशी घुसपैठिये ही नहीं है, बल्कि इसमें मृत और अपनी रिहायश छोड़ चुके मतदाता भी हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि ऐसी गड़बड़ियां पूरे देश की मतदाता सूची में हो सकती हैं। विधु शेखर और मिलन कुमार का शोध अध्ययन, राज्य के आधार कार्ड के अत्यधिक उपलब्धता के आंकड़े कुछ ऐसे तथ्य हैं, जिनके आलोक में राज्य में जारी गहन पुनरीक्षण को चुनाव आयोग अपने पक्ष में तर्क के रूप में इस्तेमाल कर सकता है। इन संदर्भों में विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में उतरे राजनीतिक दलों के लिए ज्यादा तर्क-वितर्क की गुंजाइश शायद ही रह पाएगी।

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन परीक्षण पर विपक्षी दलों की ओर से सवाल न ही उठता तो हैरत होती। यह ठीक है कि चुनाव आयोग ने अपने 24 जून के इस संदर्भ में दिए गए आदेश में बार-बार बदलाव किया है, लेकिन विपक्षी खेमे की ओर से इस पुनरीक्षण पर सवाल उठने की वजह उनकी आशंका है। उन्हें लगता है कि इस पुनरीक्षण के बहाने उनके वोट बैंक को सत्ता पक्ष यानी बीजेपी और जेडीयू के इशारे पर चुनाव आयोग काट देगा। उनकी आशंका पर चर्चा से पहले एक हालिया शोध का भी जिक्र किया जाना जरूरी है, जिसके अनुसार बिहार में करीब 77 लाख फर्जी वोटर हैं। ये वोटर अल्पसंख्यक वर्ग वाले सिर्फ विदेशी घुसपैठिये ही नहीं है, बल्कि इसमें मृत और अपनी रिहायश छोड़ चुके मतदाता भी हैं।

डेमोग्रॉफिक रिकंस्ट्रक्शन एंड इलेक्टोरल रोल इन्फ्लेशन, एस्टीमेटिंग दी लेजिटिमेट वोटर बेस इन बिहार, इंडिया नाम शोध अध्ययन के मुताबिक बिहार की मतदाता सूची में ही ऐसी गड़बड़ियां नहीं है। शोधकर्ताओं का कहना है कि ऐसी गड़बड़ियां पूरे देश की मतदाता सूची में हो सकती हैं। इस शोध अध्ययन को मुंबई के एसपी जैन इंस्टीट्यूट एंड मैनेजमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर विधु शेखर और और आईआईएम,विशाखापत्तनम के असिस्टेंट प्रोफेसर मिलन कुमार ने मिलकर किया है। एसएसआरएन में प्रकाशित यह अध्ययन किसी अनुमान पर नहीं, बल्कि सरकारी आंकड़ों, मसलन राज्य की जन्म और मृत्यु दर के साथ ही राज्य से हुए पलायन और आयु प्रत्याशा के सरकारी आंकड़ों के गहन अध्ययन और विश्लेषण पर आधारित है। अध्ययन के मुताबिक, बिहार में इस समय करीब सात करोड़ 89 लाख वोटरों का नाम मतदाता सूची में दर्ज है। इनमें से करीब 77 हजार नाम फर्जी हैं। यानी ये मतदाता या तो मर चुके हैं या बरसों पहले से अपनी बताई या दर्ज जगह से पलायन करके कहीं और जा बसे हैं। फर्जी या गलत मतदाताओं का यह आंकड़ा करीब 9.7 प्रतिशत होता है। इसका मतलब यह हुआ कि करीब दस प्रतिशत मतदाता ज्यादा हैं या असल में हैं ही नहीं। राज्य की हर विधानसभा सीट पर करीब तीस हजार मतदाताओं का नाम गलत तरीके से दर्ज है। बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं।

विधानसभाओं में कुछ सौ मतदाताओं का अंतर ही जीत-हार पर असर डाल देता है। साल 2020 के विधानसभा चुनावों में करीब बीस प्रतिशत सीटों पर जीत और हार का अंतर महज ढाई फीसद तक ही था। इनमें से 17 सीटों पर जीत तो एक प्रतिशत के कम वोट से ही हुई थी। शोधकर्ताओं को आशंका है कि अगर गहन पुनरीक्षण में इन मतदातओं के नाम नहीं काटे गए तो उनके नाम पर चुनावी नतीजों को बदला जा सकता है। राज्य में पिछली बार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2003 में हुआ था। उस समय राज्य में करीब तीन करोड़ 41 लाख मतदाता थे।

राज्य की मौजूदा जन्म और मृत्यु दर के हिसाब से इसके बाद 4.83 जुड़ने चाहिए थे। इसके साथ ही सरकारी आंकड़ों के अनुसार इन वर्षों में राज्य से करीब एक करोड़ 12 लाख वोटरों ने पलायन किया है। उन्होंने अपना स्थायी ठिकाना राज्य से बाहर बना लिया है। इसे दिल्ली, मुंबई, पंजाब जैसे शहरों और राज्यों में देखा भी जा रहा है, जहां भारी संख्या में बिहारी मूल के मतदाता



हैं। इस शोध के मुताबिक, पुराने वोटरों, जन्म-मृत्यु दर की गणना और पलायन के बाद के आंकड़ों को मिलाकर राज्य में असल मतदाताओं की संख्या सात करोड़ 12 लाख के ही आसपास बैठती है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि राज्य में जो 77 लाख ज्यादा वोटरों के नाम हैं, वे इन वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर गड़बड़ हैं। विधु शेखर और मिलन कुमार के अध्ययन के अनुसार राज्य में आधार कार्ड की उपलब्धता को भी जोड़ा जा सकता है। यह भी राज्य में फर्जी वोटरों की ओर इशारा करता है। वैसे मतदाता सूची में शामिल होने के लिए आधार कार्ड और राशन कार्ड को वैध प्रमाण पत्र माना जाता है। लेकिन इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारी संख्या में फर्जी राशन कार्ड हो सकते हैं या आधार कार्ड भी बन सकते हैं।

राज्य के सीमांचल के जिले मसलन अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज जिलों में मुस्लिम आबादी करीब 39 से लेकर 68 प्रतिशत तक है, लेकिन इनकी सीमाएं पश्चिम बंगाल और नेपाल से जुड़ी हैं। इस वजह से इस इलाके में घुसपैठ का भी आरोप लगता रहा है। बिहार सरकार द्वारा जाति-आधारित सर्वेक्षण के दौरान एकत्र किए गए आधिकारिक आंकड़ों पर नजर डालें तो इस आरोप में दम नजर आता है। इस आंकड़े के मुताबिक, राज्य का औसत आधार कवरेज लगभग 94 प्रतिशत है, जबकि 68 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाले किशनगंज में कुल जनसंख्या से करीब 105.16 प्रतिशत आधार है। इसी तरह, कटिहार में 45 प्रतिशत और अररिया में 50 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, लेकिन यहां आधार कुल जनसंख्या का करीब 101.92 और 102.23 प्रतिशत ज्यादा है। सीमांचल के ही जिले पूर्णिया में 39 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, लेकिन यहां आधार कुल जनसंख्या का 101 प्रतिशत है।

आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि सीमांचल हर 100 निवासी पर 120 से अधिक आधार कार्ड हैं। यही वजह है कि चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में इन जिलों में मतदाता सूची में नाम के सत्यापन के लिए आधार कार्ड को अनिवार्य नहीं माना है। संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत मिले अधिकारों के तहत चुनाव आयोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, संसद और विधान मंडलों का चुनाव कराता है। इसके लिए उसे जन प्रतिनिधित्व कानून 1951 के तहत मतदाता सूची बनाने और उसे अद्यतन करने का अधिकार मिला है। स्वच्छ लोकतंत्र के लिए जरूरी स्वच्छ और स्पष्ट मतदाता सूची है। चुनाव आयोग का यह वैधानिक दायित्व है कि फर्जी वोटरों को मतदाता सूची से बाहर करे। आज की राजनीति अपने वोटरों को साधने तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि अपने प्रतिबद्ध वोटरों की रक्षा करने की हो गई है। बिहार में माना जाता है कि एमवाई समीकरण यानी मुस्लिम और यादव वोटर राष्ट्रीय जनता दल का समर्थक है। विपक्षी दलों को आशंका है कि बीजेपी के इशारे पर उसके इन्हीं वोटरों को काटा जा सकता है। चुनाव आयोग के प्रमुख टीएन शेषन और केजे राव जैसे अधिकारियों के आने के पहले तक राज्य में बूथ लूट की घटनाएं खुलेआम होती थीं। अब तो खैर वैसा नहीं होता, लेकिन फर्जी वोटरों के नाम पर कुछ भी हो सकता है। दबंग उम्मीदवार अपने पक्ष में फर्जी या मृत वोटरों के नाम पर मतदान कराकर अपने पक्ष में नतीजे मोड़ सकते हैं। विधु शेखर और मिलन कुमार का शोध अध्ययन, राज्य के आधार कार्ड के अत्यधिक उपलब्धता के आंकड़े कुछ ऐसे तथ्य हैं, जिनके आलोक में राज्य में जारी गहन पुनरीक्षण को चुनाव आयोग अपने पक्ष में तर्क के रूप में इस्तेमाल कर सकता है। इन संदर्भों में विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में उतरे राजनीतिक दलों के लिए ज्यादा तर्क-वितर्क की गुंजाइश शायद ही रह पाएगी।

## कारगिल युद्ध विशेष




डॉ. संदीप मलिक व डॉ. विवेक बल्यान

# अदम्य साहस, बलिदान और भारत की गौरवपूर्ण विजय

भारत के सैन्य इतिहास में 26 जुलाई 1999 वो ऐतिहासिक दिन है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह वह दिन था, जब भारतीय सेना ने अपने अदम्य साहस, रणनीतिक कौशल और असाधारण पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के नापाक इरादों को ध्वस्त करते हुए विजय पताका लहराई थी। पाकिस्तान पर यह जीत केवल भारतीय सैन्य क्षमता सफलता ही नहीं, बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय गौरव, अखंडता और एकता की मिसाल बन गई। कारगिल युद्ध एक ऐसा संघर्ष था जिसे पाकिस्तान ने छद्म युद्ध के रूप में भारत पर थोपा था। मई 1999 में आरंभ हुआ यह युद्ध लगभग दो महीने तक चला और 26 जुलाई को भारत ने तमाम विषम परिस्थितियों के बावजूद निर्णायक विजय के साथ समाप्त किया।

पाकिस्तान के साथ भारत के इस संघर्ष की शुरुआत 3 मई 1999 को तब हुई, जब एक स्थानीय चरवाहे ने भारतीय सेना को कारगिल क्षेत्र में पाकिस्तानी घुसपैठ की सूचना दी। चरवाहे की सूचना पर जांच के लिए भेजी गई पेट्रोलिंग टीम पर पाकिस्तानी सैनिकों ने हमला कर दिया और पांच भारतीय जवानों की निर्मम हत्या कर दी गई। पाकिस्तान की इस घुसपैठ की योजना बेहद सुनियोजित थी। इसका प्रमाण यह था कि पाकिस्तान ने अपने सैनिकों को कश्मीर के आतंकवादियों की आड़ में कारगिल, द्रास, ककसर और बटालिक जैसे क्षेत्रों में भेजा। उनका उद्देश्य था श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर नियंत्रण पाकर सियाचिन और लेह को भारत से काट देना। साथ ही, पाकिस्तान इस युद्ध के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करना चाहता था। हालांकि पाकिस्तान ने शुरू में इसे कश्मीर के 'मुजाहिदीन' की कार्रवाई कहकर पल्ला झाड़ने की कोशिश की, लेकिन जल्द ही यह स्पष्ट हो गया कि इस दुस्साहस के पीछे पाकिस्तान की सेना थी, जिसका नेतृत्व जनरल परवेज़ मुशर्रफ कर रहे थे।

भारत ने पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए 'ऑपरेशन विजय' की शुरुआत की। इस ऑपरेशन में भारतीय थलसेना और वायुसेना दोनों ने निर्णायक भूमिका निभाई। भारतीय वायुसेना ने 26 मई 1999 से हवाई कार्रवाई शुरू की, जिसमें मिग-27 और मिग-29 जैसे लड़ाकू विमानों से दुश्मन के ठिकानों पर बमबारी की गई। वहीं, थलसेना ने अत्यंत कठिन भौगोलिक परिस्थितियों 18,000 फीट की ऊंचाई, बर्फीली पहाड़ियों और दुर्गम दर्रों में युद्ध करते हुए टोलोलिंग, प्वाइंट 5140, प्वाइंट 4875 और टाइगर हिल जैसी सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण चोटियों को पुनः अपने नियंत्रण में लेकर अपने पराक्रम का परिचय दिया। कारगिल के इस युद्ध में भारतीय सेना ने 2.5 लाख से अधिक गोलियां दागीं, 300 से अधिक मोर्टार, तोप और रॉकेट लॉन्चरों का इस्तेमाल करते हुए 5000 बम गिराए। प्रतिदिन औसतन हर मिनट एक राउंड फायरिंग होती रही। पाकिस्तान के साथ यह संघर्ष आधुनिक सैन्य इतिहास के सबसे कठिन युद्धों में से एक माना जाता है। 26 जुलाई 1999 को अंततः पाकिस्तान को पीछे हटना पड़ा और भारत ने विजय पताका फहराई लेकिन यह विजय सस्ती नहीं थी। 527 वीर सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी और 1363 जवान घायल हुए।

कई वीरों को उनकी असाधारण वीरता के लिए भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया गया, जिनमें परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन विक्रम बत्रा (मरणोपरांत), लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे (मरणोपरांत), ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव व राइफलमैन संजय कुमार का नाम शामिल था। कारगिल युद्ध ने यह साफ कर दिया कि भारत की संप्रभुता और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान की साजिश को अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने भी नकारा और भारत की स्थिति को नैतिक और कूटनीतिक समर्थन प्राप्त हुआ। यह युद्ध भारत की सैन्य ताकत के साथ-साथ उसकी राजनीतिक परिपक्वता और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत भी थी।

# जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?



संकलित
## दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

# बहुत सारे काम के बदले किसी एक काम को बेहतर करे



संकलित
## प्रेरणा

पुराने समय में भारद्वाज मुनि थे। वे देवगुरु बृहस्पति के पुत्र थे। भारद्वाज बहुत सारा ज्ञान हासिल करना चाहते थे। उनकी सोच ये थी कि उन्हें संसार की सारी बातों का ज्ञान हो जाए। इसके लिए वे लगातार अध्ययन करते रहते थे। एक दिन बृहस्पति ने अपने पुत्र भारद्वाज से कहा कि पूरे संसार का ज्ञान वेदों में है। अगर तुम वेद पढ़ लोगे तो समझ लो कि तुमने पूरा ज्ञान हासिल कर लिया है। पिता की बात मानकर भारद्वाज वेद पढ़ने लगे। भारद्वाज मुनि की संकल्प शक्ति और पढ़ाई की एकाग्रता देखकर देवराज इंद्र प्रसन्न हो गए और वे भारद्वाज के सामने प्रकट हुए। इंद्र ने कहा कि मैं तुम्हारी लगन देखकर बहुत प्रसन्न हूं। तुम मुझसे कोई भी वर मांग सकते हो। भारद्वाज ने इंद्र से कहा कि संसार में ज्ञान बहुत सारा है, लेकिन मेरी उम्र बहुत कम है। कृपया करके मेरी उम्र सौ साल बढ़ा दीजिए। इंद्र ने भारद्वाज की उम्र सौ वर्ष और बढ़ा दी। भारद्वाज मुनि को ज्ञान हासिल करते-करते सौ वर्ष भी बीत गए। इसके बाद देवराज इंद्र ने उनकी उम्र सौ साल और बढ़ा दी। अगले सौ साल और बीत गए, लेकिन भारद्वाज को पूरा ज्ञान नहीं मिल सका। जब अगले 100 भी बीत गए गए, तब इंद्र भारद्वाज के सामने प्रकट हुए और बोले कि भारद्वाज सामने तीन पहाड़ हैं। क्या हम इन पहाड़ों से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर इन पहाड़ों की व्याख्या कर सकते हैं? ये संभव नहीं है। ठीक इसी तरह संसार का ज्ञान है। संसार का ज्ञान अथाह है। किसी एक व्यक्ति के लिए पूरा ज्ञान हासिल करना संभव नहीं है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विमानन क्षेत्र में सुधार समीक्षा की दरकार

हाल में बोइंग विमान से जुड़ी एक घटना ने वैश्विक विमानन उद्योग, विशेषकर बोइंग की विश्वसनीयता पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना न केवल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि तकनीकी दिग्गज बोइंग के विमान लगातार दुर्घटनाओं के घेरे में क्यों आते जा रहे हैं। बोइंग विमान को लेकर उठ रहे प्रश्न केवल एक कंपनी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह संपूर्ण विमानन प्रणाली, उसकी निगरानी और जवाबदेही पर सवाल खड़े करते हैं। नागरिक विमानन महानिदेशालय को चाहिए कि वह बोइंग विमानों की संपूर्ण सुरक्षा समीक्षा करवाए, पुराने मॉडलों की जांच कराए और तय करे कि तकनीकी संदिग्ध विमान को उड़ान से पहले दोबारा जांचा जाए।

-संकेत अग्रवाल, जगदलपुर

## ट्रेंड

### पीपीपी मॉडल



स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज हमारा पीपीपी मॉडल पूरे देश के लिए एक उदाहरण बन रहा है। हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रदेश में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे, जिसमें अब तक 4 मेडिकल कॉलेज खुल चुके हैं।

-डा. मोहन यादव, सीएम, मप्र

### कानून मंत्री का बयान सही



देश के कानून मंत्री का कल संसद में दिया गया बयान उचित एवं सराहनीय है, जिसमें उन्होंने कहा है कि संविधान की प्रस्तावना से सेक्युलरिज्म (धर्मनिरपेक्षता) शब्द हटाने की सरकार की न कोई नीयत है और न ही इस पर विचार किया जा रहा है।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### इलेक्शन चोरी



हिंदुस्तान में इलेक्शन चोरी किए जा रहे हैं, ये सच्चाई है! महाराष्ट्र में कैसे मैच फिक्सिंग हुई, हमने सबको दिखाया। बिहार में एसआईआर के नाम पर एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक भाइयों-बहनों के वोट चुराए जा रहे हैं।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### व्यापार समझौता



भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता वास्तव में वर्तमान ब्रिटिश लेबर सरकार को पतन से बचाता है। एक पूर्व उपनिवेश (भारत) उस उपनिवेशवादी (इंग्लैंड) की अर्थव्यवस्था को सहारा देता है, जिसने कभी भारतीय अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया था!! बधाई।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# फलस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता देगा फ्रांस

फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने घोषणा की कि उनका देश फलस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता देगा। इजराइल ने फ्रांस के इस फैसले की निंदा की है। इजराइल के हमले के कारण खाद्यान्न एवं आवश्यक सामग्री की आपूर्ति के संकट से जूझ रहे गाजा में मौजूदा हालात को लेकर दुनिया भर के देशों में व्याप्त आक्रोश के बीच फ्रांस के इस फैसले को साहसिक कूटनीतिक कदम माना जा रहा है। मैक्रों ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस फैसले को औपचारिक रूप देंगे। उन्होंने लिखा, ''आज सबसे जरूरी बात यह है



## ऑफ बीट

# क्या चैटजीपीटी हमें मूर्ख बना रहा है?



द अटलांटिक ने 2008 में एक विचारोत्तेजक मुख्य पृष्ठ लेख के साथ विवाद को जन्म दिया : क्या गूगल हमें मूर्ख बना रहा है? लेखक निकोलस कार्र ने सुझाव दिया कि इसका उत्तर हां है, तथा तर्क दिया कि सर्च इंजन जैसी प्रौद्योगिकी अमेरिकी लोगों की गहराई से सोचने और ज्ञान को बनाए रखने की क्षमता को क्षीण कर रही है। कार्र की चिंता का मूल यह विचार था कि लोगों को अब तथ्यों को याद रखने या सीखने की जरूरत नहीं है क्योंकि वे उन्हें तुरंत ऑनलाइन खोज सकते हैं। हालांकि इसमें कुछ सच्चाई हो सकती है, लेकिन सर्च इंजन अब भी उपयोगकर्ताओं से परिणामों की व्याख्या और संदर्भ निर्धारण के लिए आलोचनात्मक सोच की अपेक्षा करते हैं।

## संक्षेप

### भदैयां बीआरसी सभागार में प्रधानाध्यापकों की बैठक

**खंड शिक्षा अधिकारी ने छात्र उपस्थिति बढ़ाने और समयबद्ध कार्य पूरा करने के निर्देश दिए**

सुलतानपुर, भदैयां विकास खंड के बीआरसी सभागार में खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में प्रधानाध्यापकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापकों को विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मिश्रा ने प्रधानाध्यापकों से आपरेशन कायाकल्प, आधार सत्यापन, यू-डायस प्लस और डीसीएफ फीडिंग की जानकारी ली। साथ ही निपुण भारत मिशन, स्कूल रेडिनेस गतिविधियों और प्रेरणा पोर्टल पर नए नामांकित बच्चों के विवरण की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने डीबीटी के अंतर्गत प्रदान की गई धनराशि के उचित उपयोग और लाभार्थियों की फोटो अपलोड करने की स्थिति की भी समीक्षा की। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों में छात्रों और शिक्षकों की नियमित उपस्थिति पर विशेष जोर दिया।

### नवनिर्मित फीडर के नाम पर कांग्रेसियों में रोष

**बघौना के बजाय समरथपुर नाम रखने पर विरोध, अधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

सुल्तानपुर , बल्दीराय विद्युत उपकेंद्र पर नवनिर्मित फीडर के नामकरण को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने कड़ा विरोध जताया है। शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इमरान मोनू के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता बल्दीराय उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने उपखंड अधिकारी को फीडर का नाम बघौना रखने की मांग का ज्ञापन सौंपा। प्रस्तावित फीडर को बघौना के बजाय समरथपुर नाम से संचालित किए जाने से क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है। ज्ञापन में बताया गया कि अवर अभियंता आनंद भारती द्वारा कई वर्षों से क्षेत्र में आयोजित कैंप में इस फीडर को बघौना नाम से प्रस्तावित किया जा रहा था। उपखंड अधिकारी ने जल्द ही फीडर का नाम बघौना करने का आश्वासन दिया है। इमरान मोनू ने चेतावनी दी कि फीडर का नाम न बदले जाने से क्षेत्रवासियों की भावनाओं को ठेस पहुंची है।

### नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का मामला

**अकेली बच्ची के साथ घर में की ज्यादती और दी जान से मारने की धमकी**

सुलतानपुर, जिले के जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। वह और उनकी पत्नी सुबह से खेत में धान की रोपाई के लिए गए हुए थे। उनकी 12 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी। दोपहर लगभग 12 बजे उनके ही गांव का एक व्यक्ति उनके घर में जबरन घुस आया। आरोपी ने उनकी पुत्री के साथ अशोभनीय हरकतें करनी शुरू कर दीं। जब लड़की ने विरोध करते हुए शोर मचाया, तो आरोपी ने उसे किसी को भी घटना के बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया। पीड़िता के पिता ने बताया कि जब वे शाम लगभग 7 बजे खेत से वापस लौटे, तो उनकी पुत्री ने रो-रोकर पूरी घटना की जानकारी दी।

# नानपारा विधायक के प्रयासों से बूढ़ेश्वरनाथ शिव मंदिर का होगा सौंदरीकरण

## 75 लाख राशि की दी गई मंजूरी

अमन लेखनी समाचार/आर एन तिवारी

शिवपुर, बहराइच ।जनपद बहराइच के विकासखंड शिवपुर निहित ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया हार के मजरा महादेवा में स्थित प्राचीनतम व मनोकामना सिद्ध स्वयंभू शिवलिंग विराजमान है।

**(श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है यह मंदिर)**

इस मंदिर से लोगों की आस्था इतनी प्रबल है कि कोई भी दिन ऐसा नहीं, जिस दिन इस मंदिर परिसर में दर्जनों संकीर्तन, रामायण, वेद पाठ, श्रीमद् भागवत व विभिन्न प्रकार के संस्कार ना संपन्न होते हों। प्रत्येक सोमवार को क्षेत्रीय श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहता है तो वहीं अमावस्या व पूर्णिमा को मंदिर परिसर में हजारों का मेला लगता है। श्रावण माह के सोमवार पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों सहित नेपाल राष्ट्र तक के लाखों कांवरिया श्रद्धालु सैकड़ो किलोमीटर की पैदल यात्रा कर इस मंदिर परिसर में पहुंचकर भगवान शिव को जलाभिषेक कर वांछित की प्राप्ति करते हैं।

**नानपारा विधायक का सहयोग**

क्षेत्र बाढ़ प्रभावित है अतएव अरसे से क्षेत्रीय निवासियों की ओर से इस मंदिर के सौंदर्यीकरण की मांग की जा रही थी। नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा ने इसका संज्ञान लेते हुए 31 जुलाई 2024 को पर्यटन एवं संस्कृति विभाग को पत्र भेजकर इस मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार व सौंदर्यकरण कराए जाने की मांग किया था। नानपारा विधायक के अथक प्रयासों से पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के मंत्री जयवीर सिंह द्वारा दिनांक 18 जुलाई 2025 को मंदिर के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण हेतु इसे वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्य योजना में शामिल कर लिया गया है। इससे क्षेत्रीय निवासियों सहित श्रद्धालुओं में काफी प्रसन्नता है।



**-मंदिर के सम्बन्ध में-**

इस मंदिर के संबंध में ऐसी मान्यता है कि यह पांडव कालीन शिवलिंग है जो रियासती समय में घने जंगलों से आच्छादित था। आसपास के चरवाहे अपनी मवेशियों को जंगल में चराने आते थे, तभी किसी चरवाहे ने मवेशियों को बाँधने हेतु रस्सी बटने के लिए इस पत्थर पर मूंज की कुटाई कर दी और देखते ही देखते इस पत्थर से रक्तस्राव होने लगा। जिसे देख सभी डरकर अचंभित हो गए और सूचना रियासती राजा मल्लापुर को पहुंचाई गई। मल्लापुर नरेश ने अपने सेवकों से पत्थर को उनके समक्ष पेश करने हेतु कहा किंतु काफी गहरी खुदाई के बावजूद भी वे शिवलिंग का अंत नहीं पा सके, जिस पर रियासती राजा ने अपने हाथियों को भेज कर जंजीरों से पत्थर को उखाड़ने का प्रयास किया किंतु जंजीरे ध्वस्त हो गई और हाथी चिंघाड़ मार कर पीछे हट गए। तभी से लोगों को आभास हो गया कि यह पत्थर कोई साधारण पत्थर नहीं है स्वयं देवाधिदेव महादेव का शिवलिंग है और इस शिवलिंग के चारों ओर बाड का घेराव कर दिया गया। तभी से स्थानीयों ने यहां पूजन अर्चन शुरू दिया। तत्पश्चात वैवाही गांव निवासी राम अवतार साहू के द्वारा यहां मंदिर का निर्माण करवा दिया गया जिसे बाद में मनोकामना पूर्ति वाले भक्तों की ओर से भव्यता प्रदान की गई।

**-प्रबल मान्यता-**

मंदिर के बारे में ऐसी मान्यता है कि यहां आप सच्चे हृदय से जो भी मांगेंगे उसे भगवान शिव आपको अवश्य प्रदान करते हैं। लोग यहां पर अपनी जीभ को काटकर चढ़ाते हैं और वह 24 घंटे में ही पूर्ण हो जाती है। हालांकि इस चढ़ावे पर रोक लगा दी गई है किन्तु चुपके से लोग अभी भी अपनी जीभ काटकर शिव को अर्पण कर देते हैं। दूर-दूर से श्रद्धालु इस मंदिर में वांछित फल की प्राप्ति हेतु आते हैं और मनोकामना पूर्ण होने पर कोई धर्मशाला बनवा देता है तो कोई पत्थर लगवाता है। ऐसी है बूढ़ेश्वर नाथ की महिमा। ऐसे में नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा के प्रयासों से जल्द ही मंदिर का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण होने जा रहा है जिसके लिए क्षेत्रीय जनमानस में खुशियों की लहर है।

# राखी का त्यौहार नजदीक, स्पीड पोस्ट से तेजी से भेजी जा रहीं राखियां




अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। राखी का त्यौहार करीब आते ही रुपईडीहा क्षेत्र से भारी संख्या में राखियां स्पीड पोस्ट के माध्यम से देशभर में भेजी जा रही हैं। डाक विभाग के कर्मचारी लगातार अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं ताकि बहनों द्वारा भेजी गई राखियां समय पर भाइयों तक पहुंच सकें। डाक सहायक अवनीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 50 से 60 राखियां रुपईडीहा से स्पीड पोस्ट के माध्यम से बुक की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि लखनऊ में पार्सल 24 घंटे के भीतर पहुंच जाते हैं, जबकि दिल्ली तक पहुंचने में करीब दो दिन लगते हैं। दक्षिण भारत के राज्यों में पार्सल पहुंचाने में सबसे अधिक समय लगता है, जो लगभग 5 से 6 दिन तक हो सकता है। अवनीश कुमार ने बताया कि विभाग पूरी कोशिश कर रहा है कि सभी राखियां समय पर गंतव्य तक पहुंचें, ताकि भाई-बहन का यह पावन पर्व खुशी और उल्लास के साथ मनाया जा सके। उन्होंने कहा कि बहनें अपने भाइयों को राखी भेजकर उनकी कलाई खाली न रहने दें, इसके लिए डाक कर्मचारी पूरी तत्परता के साथ सेवा में लगे हुए हैं।

# तहसील सभागार कैसरगंज में हुई बीएलओ की मीटिंग



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह ने बी एल ओ के साथ मीटिंग करके सभी बी एल ओ को सख्त दिशा निर्देश दिया है कि तत्काल प्रभाव से मतदाता सूची पुनर्निरीछण की तैयारी चल रहा है। जिसको बहुत ही ईमानदारी पूर्वक समय के अंदर चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार सभी कार्यों को तत्काल पूरा करें। अन्यथा लापरवाह बीएलओ के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार सभी मतदाता को मोबाइल नंबर ताजा अपडेट करें नाम में जो त्रुटि है उसको सुधारे। भाग संख्या या बूथ संख्या अलग है तो उसको सही ढंग से स्थापित करें ताकि आगामी चुनाव में मतदाताओं को किसी भी तरीके से कोई परेशानी ना हो। तहसील सभागार कैसरगंज में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया गया है, जो उप जिलाधिकारी कैसरगंज की अध्यक्षता में हो रहा है।

# 28वीं प्री यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में बहराइच के खिलाड़ियों ने दिखाया दम

## आजादी के बाद शूटिंग में गोल्ड व सिल्वर दो मेडल जीतने वाले पहले विधायक बने सुरेश्वर सिंह

- विधायक समेत दो खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड
- विधायक समेत 6 खिलाड़ियों ने प्री-स्टेट क्वालिफाई कर जिले का नाम किया रोशन

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा/मिथिलेश जायसवाल




बहराइच। दिल्ली के डा.करनी सिंह शूटिंग रेंज में 23 जुलाई से 28जुलाई तक आयोजित 28 वीं प्री यूपी स्टेट शूंटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में बहराइच के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विधायक समेत जिले के 7 खिलाड़ियों ने प्री स्टेट क्वालीफाई कर एक नया इतिहास रचा है। जनपद बहराइच के महसी क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक श्री सुरेश्वर सिंह ने खेल जगत में भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए आजादी के बाद शूटिंग में गोल्ड व सिल्वर दो मेडल जीतने वाले पहले विधायक बनने का गौरव हासिल किया है। उन्होंने दिल्ली में आयोजित 28वीं प्री-स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में भाग लेते हुए 50मीटर प्रोन.22 राइफल सीनियर मास्टर कैटेगरी में गोल्ड मेडल व सामान्य ग्रुप में सिल्वर मेडल समेत दो मेडल एक साथ जीतकर विधायक सुरेश्वर सिंह ने कीर्तिमान स्थापित किया है। श्री सिंह के ग्रुप में बहराइच के खिलाड़ी सरदार गगनदीप सिंह एवं मनमोहन सिंह शामिल थे। इसी तरह खिलाड़ी भूपेंद्र प्रताप सिंह को 50 मीटर राइफल में गोल्ड मेडल मिला , वहीं दूसरी ओर गगनदीप सिंह ने चौथा स्थान जबकि 12बोर ट्रैप शूटिंग में अखंड प्रताप सिंह ने प्रदेश में 10वां स्थान हासिल करते हुए क्वालीफाई किया है। वहीं बहराइच के भाजयुमो के जिला संयोजक अरूणेन्द्र प्रताप सिंह व गुनदीप सिंह ने भी प्रतियोगिता के लिए प्रीस्टेट क्वालीफाई कर लिया है। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा अधिकृत कोच श्री अनिल कुमार पाल ( अंतरास्ट्रीय निशानेबाज ) के कुशल मार्गदर्शन में विधायक समेत 6 खिलाड़ी व अल्प समय में कोच नरेंद्र सक्सेना के कुशल मार्गदर्शन में अखंड प्रताप सिंह ने 12 बोर ट्रैप शूटिंग में हासिल की गई उपलब्धि जनपद बहराइच के लिए गर्व का विषय बनी है।

**(जनपदवासियों में हर्ष का माहौल)**

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर न सिर्फ महसी क्षेत्र, बल्कि समस्त जनपदवासियों में खुशी का माहौल है। समाज के विभिन्न वर्गों की ओर से शुभकामनाएं व बधाइयाँ विधायक को प्राप्त हो रही हैं। स्थानीय नागरिकों और खेल प्रेमियों का कहना है कि, खेल के क्षितिज पर विधायक सुरेश्वर सिंह के नेतृत्व में जनपद बहराइच एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा।₹ श्री सिंह का यह जज्बा और समर्पण युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन रहा है, जो राजनीति, शिक्षा और खेल झ तीनों ही क्षेत्रों में सामंजस्य स्थापित करने का आदर्श उदाहरण है।

**(विरासत में मिली राजनीति)**

प्री स्टेट शूंटिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल करने वाले महसी विधायक सुरेश्वर सिंह करीब 4 दशकों से राजनीति में है। श्री सिंह महसी क्षेत्र से तीसरी बार विधायक है जबकि उनके पिताजी और माताजी भी विधानसभा में महसी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। श्री सिंह का राजनीति एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने का अपना एक अलग अंदाज है। उत्तर प्रदेश में उनकी पहचान एक जमीनी राजनेता के रूप में होती है और उनके कार्य शैली की चर्चा हमेशा देश-विदेश में रही है पिछले साल राइफल वाले विधायक के नाम से मशहूर हुए श्री सिंह अब शूटिंग के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर चुके हैं।

# नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर रुपईडीहा रेलवे स्टेशन किए जाने की उठी मांग

अमन लेखनी समाचार/मोहम्मद कौशर



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर रुपईडीहा रेलवे स्टेशन किए जाने की मांग नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमा शंकर वैश्य ने की है। इस संबंध में उन्होंने भारत सरकार के माननीय रेल मंत्री को एक पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन का नाम अंग्रेजों के शासनकाल में रखा गया था, जबकि दशकों से स्थानीय स्तर पर इस स्थान को रुपईडीहा नाम से जाना जाता है। सीमा क्षेत्र पर स्थित केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी संस्थाओं व कार्यालयों में भी इसका नाम रुपईडीहा के नाम से ही दर्ज है। नेपाल से लेकर भारत के प्रमुख महानगरों तक इस स्थान को रुपईडीहा के नाम से पहचाना जाता है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जब यात्री अन्य राज्यों से रुपईडीहा नाम से टिकट बुक करते हैं तो उन्हें स्टेशन का नाम उपलब्ध न होने के कारण असुविधा का सामना करना पड़ता है। जिससे उन्हें अन्य विकल्पों से यात्रा करनी पड़ती है। इसलिए उन्होंने रेल मंत्री से निवेदन किया है कि अंग्रेजों के जमाने के नेपालगंज रोड नाम को परिवर्तित कर इसे रुपईडीहा रेलवे स्टेशन नाम देने की कृपा करें, जिससे आम जनता और यात्रियों को सुविधा मिल सके। इस पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, सांसद और मंडल रेल प्रबंधक को भी आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी गई है।

# सावन के तीसरे सोमवार पर बूढ़ेश्वरनाथ में उमडा लाखों कांवरियों का हुजूम

## शिव जयकारों से संपूर्ण क्षेत्र रहा गूंजायमान, सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर/बहराइच। बाबा बूढ़ेश्वरनाथ शिव मंदिर श्रावण माह के तीसरे सोमवार पर बना आस्था का केंद्र। प्रदेश भर के विभिन्न स्थानों सहित नेपाल राष्ट्र तक के लाखों की तादाद में कांवरिया श्रद्धालुओं का जलाभिषेक हेतु हुआ आगमन। लाखों की भीड़ का रहा जमावड़ा। श्रद्धालुओं के सहयोग व सुरक्षा की दृष्टि से शासन की मंशा के अनुरूप जनपदीय प्रशासन के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस टीम की की गई थी तैनाती। खैरीघाट थानाध्यक्ष स्वयं अपनी टीम के साथ मध्य रात्रि से ही किलोमीटरो तक लगी श्रद्धालुओं की लंबी कतार को नियंत्रित करने में कठोर परिश्रम करते पड़े दिखाई। पिछले सोमवार को अनुमान से अधिक कांवरियों की आई भीड़ के दृष्टिगत सांवन के तीसरे सोमवार पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा सहयोग हेतु व्यापक व पुख्ता इंतजाम स्थानीय पुलिस के द्वारा किए गए थे। आवागमन के सभी मार्गों पर बैरिकेटिंग व काफी संख्या में महिला पुरुष पुलिस बल को तैनात रखा गया जिससे कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। मंदिर परिसर में पुख्ता बैरिकेटिंग करते हुए प्रवेश द्वार से लेकर गर्भ गृह व निकास द्वार तक चप्पे चप्पे पर भारी पुलिस फोर्स मौजूद रही। जिले के नानपारा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया हार के मजरा महादेवा में स्थित प्राचीनतम व मनोकामना सिद्ध बूढ़ेश्वर नाथ शिव मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार पर जलाभिषेक करने हेतु हजारों कांवरियों का समूह गिरजा बैराज तथा सरयू नदी से जल भरकर पैदल रवाना हुआ। शनिवार से ही आने जाने वाले सभी रास्ते भगवामय दिखाई पड़े। प्रत्येक स्थानों पर कांवरियों की सुरक्षा हेतु सुजौली, मुर्तिहा, मोतीपुर, खैरीघाट, नानपारा, रुपईडीहा की पुलिस द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे। कई शिव भक्तों ने कांवरियों के पैदल मार्ग पर उनके जलपान तथा भंडारे की भी व्यवस्था की थी। पुलिस की तत्परता से लाखों की तादाद में इस शिव मंदिर पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं का सुरक्षित जलाभिषेक संपन्न करवाया गया।

# घर के सामने बकरी चरा रही बालिका पर तेंदुए ने किया हमला, हालत गंभीर

**कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के रेंज ककरहा का मामला**

**हालत गंभीर होने पर चिकित्सको ने बालिका को जिला अस्पताल किया रेफर**

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के रेंज ककरहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत गौरा पिपरा के मजरा सेमरहना में घर के सामने बकरी चरा रही बालिका पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया मौके पर मौजूद अन्य महिलाएं जो बकरी चरा रही थी। उन्होंने तेंदुए से भिड़कर बालिका की जान बचाने के लिए खुद की परवाह नहीं की लेकिन तेंदुए ने तब तक बालिका को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। परिजनों ने घायल बालिका को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहींपुरवा पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना से गांव में दहशत का माहौल है। यहां पर वन विभाग का रवैया ठीक ना होने से लोगों में वन विभाग के प्रति आक्रोश है। मौके पर पहुंचे वन कर्मियों ने घटना का मुआइना किया है ।सेमरहना निवासी रामभुवन की 14 वर्षीय बालिका घर के सामने बकरी चरा रही थी इसी बीच घात लगाकर बैठे तेंदुए ने अचानक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने घायल बालिका को सीएचसी मिहींपुरवा पहुंचाया जहां पर चिकित्सको ने हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बालिका की हालत गंभीर बनी हुई है। ज्ञात हो कि लगभग एक महीने पूर्व गौरा पिपरा निवासी हंसराम आजाद समेत आधा दर्जन ग्रामीणों ने पत्र भेजकर वन क्षेत्राधिकारी से तेंदुए को पकड़ने की गुहार लगाई थी। ग्रामीणों ने बताया था कि तेंदुआ लगातार गांव व उसके आसपास देखा जा रहा है। लेकिन वन विभाग ने सूचना को गंभीरता से नहीं लिया जिसके फलस्वरूप सोमवार को 5:30 बजे के आसपास तेंदुए ने बालिका पर हमला कर घायल कर दिया। शायद वन विभाग हमले का इंतजार कर रहा था यदि वन विभाग ने पिंजरा लगाकर तेंदुआ पकड़ लिया होता तो यह घटना नहीं होती यह बात वहां के लोगों की जुबान पर चर्चा का विषय बनी हुई है। वन क्षेत्राधिकारी धर्मेंद्र कनौजिया ने बताया कि तेंदुए के हमले में बालिका घायल हुई जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मौके पर वन कर्मियों को भेज कर घटना की जांच की जा रही है लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है।

# यूनीक फाउंडेशन का तरुवंश सम्मान कार्यक्रम

**होम्योपैथिक चिकित्सकों ने किया पौधरोपण, 51 लोगों को मिला सम्मान**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, यूनीक फाउंडेशन द्वारा अमहट में तरुवंश सम्मान 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में होम्योपैथिक चिकित्सकों और चिकित्सा प्रतिनिधियों ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक और साहित्यकार सर्वेश कांत वर्मा ने की। मुख्य अतिथि जिला परियोजना अधिकारी अभिनंदन प्रताप सिंह ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के अनमोल रत्न हैं। उन्होंने बताया कि शुद्ध पर्यावरण के लिए हमें अपने जीवन से ज्यादा इसकी देखभाल करनी चाहिए। पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रतापगढ़ अमरजीत मिश्रा ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जीवनदायी आक्सीजन का एकमात्र स्त्रोत पौधे ही हैं। अगर पौधे नहीं रहेंगे तो हमें आक्सीजन की दिक्कत होगी। संस्था के संस्थापक डॉ. अनूप मिश्रा ने भी पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथियों में डॉक्टर महेश प्रसाद और राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित कांति सिंह शामिल थीं। कार्यक्रम का संचालन संस्था की अध्यक्ष अनुपमा द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर 51 सामाजिक व्यक्तियों को तरुवंश सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया।

# युवकों पर चाकू मारकर घायल करने वाला आरोपी गिरफ्तार.....

**घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद, आरोपी महिला मित्र पहले ही पुलिस हिरासत में.......**

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के भीलमपुर गांव में बीते शनिवार रात हुई चाकूबाजी की वारदात में दो युवकों को घायल करने वाले आरोपी को पुलिस ने रविवार की रात गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है इस मामले में आरोपी युवक के साथ उसकी महिला मित्र के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई थीघटनाक्रम बीते शनिवार देर रात करीब 12 बजे की है जब मोहल्ले में वारिस उर्फ लवली शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहा था मोहल्ले के निवासी अमित विमल ने जब उसे टोका और देर रात शोर मचाने से मना किया तो लवली ने गुस्से में आकर चाकू से अमित की गर्दन पर हमला कर दिया शोर सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसी हरिकेश विमल ने जब अमित को बचाने की कोशिश की तो आरोपी ने उस पर भी चाकू से हमला कर दिया जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया घायल अमित की मां प्रेमा देवी की तहरीर पर पुलिस ने वारिस उर्फ लवली और उसकी महिला मित्र जूली के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी पुलिस ने रविवार को महिला आरोपी जूली को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की और मुख्य आरोपी की तलाश में दबिशें दीं ।वहीं एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रविवार रात आरोपी लवली को चिनहट क्षेत्र के देवा रोड से गिरफ्तार कर लिया गया उसके पास से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुटी है दोनों घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## संक्षेप

### बिजली कटौती और लो वोल्टेज से किसान परेशान

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, कलेक्ट स्थित जिला पंचायत सभागार में भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) के कार्यकताओं ने बिजली विभाग के निदेशक को ज्ञापन सौंपकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती और लो वोल्टेज के खिलाफ था। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस समस्या से किसानों और ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि धान की फसल की सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। इससे फसलों के सूखने का खतरा बढ़ गया है। ठाकुर ने आगे बताया कि ग्रामीण इलाकों में बिजली कटौती अधिक हो रही है। कई बार मिलने वाली बिजली भी कम वोल्टेज के कारण उपकरणों को चलाने लायक नहीं होती। इस वजह से किसानों को डीजल पंप पर निर्भर होना पड़ रहा है। इससे उनकी खेती की लागत बढ़ रही है। यूनियन ने बिजली विभाग के कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप भी लगाया। उनका कहना है कि कर्मचारी मनमाने तरीके से बिजली आपूर्ति में हेराफेरी कर रहे हैं।

### वेतन न मिलने और अफसरों के दुर्व्यवहार पर भड़के जेई

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, वेतन न मिलने और अफसरों के दुर्व्यवहार के कारण जिलेभर के अवर अभियंताओं ने हाइडिल कॉलोनी स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव किया। जेई संघ का आरोप है कि निगम अवर अभियंताओं के वेतन जारी नहीं कर रहा है, जबकि काम लगातार लिया जा रहा है। एकत्रित हुए जिलेभर के जेई ने विभागीय अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जेई संघ के पश्चिमी यूपी अध्यक्ष आरसी द्विवेदी ने बताया कि विभाग में फेशियल अटेंडेंट शुरू की गई है। इसके कारण सभी जेई का वेतन रोका गया है। द्विवेदी ने कहा कि अब जेई को या तो क्षेत्र में काम करना होगा या फिर विभाग में फेशियल अटेंडेंट लगानी होगी।

### पुलिस और गोकश के बीच मुठभेड़

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मुंडाली थाना पुलिस और एक गोकश के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए रात्रि गश्त पर थी। काला आम से समयपुर रोड पर गश्त के दौरान पुलिस ने एक बाइक को रुकने का इशारा किया। बाइक सवार व्यक्ति हड़बड़ाहट में गिर गया और जंगल की तरफ भागने लगे। पुलिस द्वारा पीछा करने पर भागते हुए बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। सीओ किठौर प्रमोद कुमार ने बताया कि घायल आरोपी की पहचान इंसाफ अली पुत्र कलवा निवासी ग्राम कुढला थाना मुण्डाली के रूप में हुई है।

# कांवड़ यात्रा को लेकर डिप्टी कलेक्टर ने की महत्वपूर्ण बैठक

## कांवड़ियों के रूट की जानकारी लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

अमन लेखनी समाचार



गुरसराय(झाँसी)- श्रावण माह के चौथे सोमवार 4 अगस्त को नगर में निकाले जाने वाली कावड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर प्रशासन की ओर से डिप्टी कलेक्टर गरौठा सुनील कुमार, थानाध्यक्ष गुरसराय वेदप्रकाश पांडे ने चाक-चौबंद व्यवस्था को लेकर पेंच कसे। उन्होंने कावड़ियों के रूट के बारे में जानकारी के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग से कावड़ियों के

साथ एंबुलेंस की व्यवस्था एवं नगर पालिका से पेयजल एवं साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए निर्देश दिए। सड़कों पर गड्ढे आदि को प्रत्येक दशा में दुरुस्त कर लिया जाए। बेसिक व्यवस्थाओं को जाकर जरूर चेक कर लें की व्यवस्थाएं पूर्ण है या नहीं। साथ ही रास्ते के पास कोई झाड़-झाड़ी इत्यादि न रहे। वहीं कावड़ यात्रा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र व्यास ने कावड़ यात्रा के रास्ते पर दखनी, बबूल हटाने के संबंध में और साफ सफाई ट्रैफिक व्यवस्था के संबंध में कहा तो डिप्टी कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया। इसके बाद कावड़ यात्रा समिति के साथ कावड़ यात्रा का पूरा रूट देखा गया तो पीडब्ल्यूडी विभाग की शिथिलता नजर आई है और दखनी बबूल हटाने का कार्य जारी है। हालांकि पूर्व में डिप्टी कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी विभाग को सर्विस रोड पर लगे दखनी ,बबूल के पेड़ हटाने के लिए कहा था लेकिन यह कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से डा.रवि कुमार, फार्मासिस्ट वीरेंद्र कुमार नगर पालिका से मनीष बुधौलिया सहित कावड़ यात्रा संयोजक सुरेंद्र व्यास, बसंत मोदी, सुनील जैन डीकू, टिंकू नायक, सनद अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, शालू गोस्वामी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मढ़िया महादेव मंदिर पर जलाभिषेक कर डॉ. संदीप ने की जग कल्याण हेतु प्रार्थना

अमन लेखनी समाचार



झाँसी। मढ़िया महादेव महाकालेश्वर समिति के तत्वावधान में श्रावण मास के तीसरी सोमवार को विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा झाँसी से सटे मध्य प्रदेश के ओरछा में बेतवा नदी से कांवड़ों में जल भरकर प्रारंभ हुई, यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए मढ़िया महादेव मंदिर पर रुद्राभिषेक के साथ समाप्त हुई। इस यात्रा में अतिथि के रूप में महापौर नगर निगम झाँसी बिहारी लाल आर्य, संघर्ष सेवा समिति संस्थापक डॉ० संदीप सरावगी, सदर विधायक रवि शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष हेमंत परिहार उपस्थित रहे। यात्रा आयोजक के रूप में पूर्व पार्षद पुष्पेंद्र वर्मा एवं बीड़ी श्रमिक समिति अध्यक्ष नरेश वर्मा सम्मिलित रहे। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में भक्तगण कांवड़ लिए बम भोलेनाथ के उद्घोष के साथ वातावरण को शिवमय करते हुए आगे बढ़ रहे थे। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया, स्वागतकर्ता के रूप में राहुल सनातनी, प्रशांत वर्मा, जगदीश रायकवार, विशाल शाक्य, अभिषेक कनौजिया आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ० संदीप ने कहा कांवड़ यात्रा न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह आस्था, धैर्य और अनुशासन का प्रतीक भी है। सावन के महीने में भगवान शिव को जल चढ़ाने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं, परिवार में सुख-समृद्धि आती है और जीवन की बाधाएं दूर होती हैं। यह यात्रा भक्तों की भक्ति, संयम, धैर्य और आत्मबल की परीक्षा भी है। यात्रा में मुख्य रूप में धर्मेंद्र शाक्य, गोलू वर्मा, सौरभ भासने, रवि वर्मा, आकाश वर्मा, विकास बासनी, आकाश कुमार, शिवम रुहेरा नगर अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा डबरा, संदीप नामदेव, राकेश अहिरवार, आशीष विश्वकर्मा, राजू सेन, महेन्द्र रायकवार, अरुण पांचाल आदि उपस्थित रहे।

# पति-पत्नी के झगड़े में पुलिस ने युवक को पीटा

### मेरठ के सरधना में महिला ने की थी शिकायत

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , सरधना थाना क्षेत्र के खेड़ा गांव में पुलिस द्वारा एक युवक की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह मामला पति-पत्नी के आपसी विवाद से जुड़ा है।



जानकारी के अनुसार, गांव निवासी सहदैव का अपनी पत्नी से झगड़ा हो गया था। पत्नी ने 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस को बुलाया। पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन युवक को थाने ले जाने की बजाय वहीं सार्वजनिक रूप से उसकी पिटाई कर दी। इस दौरान किसी ग्रामीण ने पुलिस की मारपीट का वीडियो बना लिया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में पुलिसकर्मी युवक को लात-घूंसे मारते और गाली देते साफ नजर आ रहे हैं। यह घटना पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। फिलहाल पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे बर्ताव से जनता में डर और अविश्वास बढ़ रहा है।

# कांग्रेस ने बुलंदशहर में नगर अध्यक्ष घोषित

## खुर्जा में धर्मेंद्र और अनूपशहर में दिनेश शर्मा को मिली कमान

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, कांग्रेस पार्टी ने बुलंदशहर के सभी नगरों में नगर अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। जिला कार्यालय पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने इन नियुक्तियों की जानकारी दी। प्रदेश नेतृत्व के अनुमोदन पर खुर्जा में धर्मेंद्र महावर, स्याना में नजमी चौधरी, शिकारपुर में शेर खान सदुआ और अनूपशहर में दिनेश शर्मा को नगर अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा सिकंदराबाद में मौ फाजिल गाजी, डिबाई में सिराज अहमद सभासद और जहांगीराबाद में इरशाद अंसारी सभासद को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। गुलावठी में शाकिब मुकद्दम, नरौरा में अविनाश भारद्वाज, बुगरासी में उबैदुर्रहमान और बीबी नगर में इमरान सभासद को नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पहासू में आदिल कुरैशी, छतारी में कुंवर जावेद खान, खानपुर में मेराज अली, औरंगाबाद में अली मुराद नकवी और ककोड़ में राजेश सैनी को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने बताया कि जिले के प्रत्येक नगर और ब्लॉक में शीघ्र कमेटियों का गठन किया जाएगा। मंडल और बूथ स्तर तक कमेटियां जल्द ही बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस की संविधान बचाने और किसान, गरीब, मजदूर, नौजवान हित की लड़ाई में जिले के लोग उत्साह के साथ पार्टी से जुड़ रहे हैं।

जिलाध्यक्ष ने यह भी बताया कि संगठन में कार्य करने वालों और जनसमस्याओं पर लड़ने वालों को प्राथमिकता दी जा रही है। अगस्त में स्वतंत्रता दिवस से पहले पूरे जिले में क्रांति यात्रा निकाली जाएगी।

इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, जिला उपाध्यक्ष प्रशांत बाल्मिकी, आशु कुरैशी, नईम मंसूरी, साजिद गाजी, नरेश शर्मा, तारिक गाजी, सादिक सैफी, सुरेंद्र उपाध्याय और सचिन वशिष्ठ भी मौजूद रहे।

# पुरा महादेव मंदिर में स्वतंत्र देव सिंह ने किया जलाभिषेक

### बागपत में बोले-सपा जब भी सत्ता में आती है, लूट-खसोट करती है

अमन लेखनी समाचार



बागपत, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बागपत के ऐतिहासिक पुरा महादेव परशुरामेश्वर मंदिर पर भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। मंत्री ने कावड़ यात्रा के आयोजन को लेकर अधिकारियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार किसी भी आयोजन को बड़ी जिम्मेदारी से पूरा करती है। पिछली सरकारों में ऐसा नहीं होता था। पत्रकारों से बातचीत के दौरान स्वतंत्र देव सिंह ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति करती है। जब भी सत्ता में आती है, लूट-खसोट जारी रखती है। मंत्री ने दावा किया कि भाजपा सरकार में प्रत्येक व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाएं पहुंच रही हैं। भाजपा सरकार में प्रत्येक व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाएं पहुंच रही लोगों को पक्के मकान, बिजली और पानी की अच्छी व्यवस्था मिल रही है। उन्होंने लखनऊ से एटा आने का जिक्र करते हुए कहा कि पहले कई घंटे का समय लगता था। अब मात्र ढाई से 3 घंटे में यह सफर तय हो जाता है। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि पहले बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं थीं। लेकिन अब उत्तर प्रदेश में कानून का राज है और हर व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है। उन्होंने बताया कि आज सभी त्यौहार, चाहे हिंदू हों या मुस्लिम, शांतिपूर्ण और धूमधाम से मनाए जा रहे हैं।

# किसान यूनिय टिकैत करेगी घेराव

- भारतीय किसान यूनियन 13 अगस्त को करेगी बुलंदशहर कलेक्ट्रेट का घेराव

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बिजली संकट से किसानों का गुस्सा अब सड़कों पर उतरने को तैयार है। जिले के विभिन्न गांवों से आए किसानों ने बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने आरोप लगाया कि विभाग की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण उन्हें दिन-रात अंधेरे में रहना पड़ रहा है। कई इलाकों में ट्रांसफार्मर महीनों से जले पड़े हैं। लेकिन उन्हें अब तक बदला नहीं गया है। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष अरव सिंह ने कहा कि बिजली विभाग किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग के बजट का बंदरबांट किया जा रहा है। जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हो रहा है। अरव सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो 13 अगस्त को भारतीय किसान यूनियन कलेक्ट्रेट का घेराव करेगी। वे एक बड़ा आंदोलन भी शुरू करेंगे। किसानों की मांग है कि जले हुए ट्रांसफार्मरों को जल्द बदला जाए। चार्जर लाइन की मरम्मत कराई जाए। बिजली आपूर्ति को नियमित किया जाए ताकि खेती और घरेलू कार्य प्रभावित न हों। इस समय प्रदेश भर में बिजली आपूर्ति एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। बुलंदशहर का यह मामला भी उसी का एक उदाहरण है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस चेतावनी को कितनी गंभीरता से लेता है।

# ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण पर चला ग्रेनो प्राधिकरण का बुलडोजर

## दो दर्जन दुकानें ध्वस्त, एक लाख वर्ग मीटर जमीन अतिक्रमण से मुक्त

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, पतवाड़ी गांव से सटे सेक्टर 2 और 3 की ग्रीन बेल्ट में बनी अवैध मार्केट पर शनिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बुलडोजर चला। इस कार्रवाई में दो दर्जन दुकानें ध्वस्त कर दी गईं। इस कार्रवाई में लगभग एक लाख वर्ग मीटर ग्रीन बेल्ट की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया गया। प्राधिकरण ने मलवा हटाने के साथ ही पौधरोपण भी शुरू करा दिया है। ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को जोड़ने वाली 130 मीटर रोड पर सेक्टर 2 और 3 से सटी ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण कर आसपास के कुछ लोगों ने मार्केट बना लिया था। यहां पर अवैध रूप से ऑटोमोबाइल, अल्युमिनियम वर्क्स और मार्बल की दुकानें चल रहीं थीं। प्राधिकरण की तरफ से इन दुकानों को हटाने के लिए नोटिस जारी की गई थी। लेकिन इन लोगों ने दुकानें नहीं हटाईं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर कार्रवाई की गई। प्राधिकरण के परियोजना विभाग के महाप्रबंधक एके सिंह के नेतृत्व में उद्यान विभाग और भूलेख विभाग की टीम ने कार्रवाई की। भारी संख्या में नोएडा पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई शुरू की गई। करीब 4 घंटे तक लगातार तोड़फोड़ की कार्रवाई चली। आठ जेसीबी और इतने ही डंपर लगाकर तोड़फोड़ और मलवा हटाने का काम किया गया। इस कार्रवाई को ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई बताया जा रहा है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अतिक्रमण हटाने गई टीम और नोएडा पुलिस की सराहना की है। एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने चेतावनी दी है कि ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। अतिक्रमण करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने जनमानस से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी, किसी भी तरह की संपत्ति खरीदने या किराए पर लेने से पहले प्राधिकरण से जानकारी अवश्य कर लें। यह जानकारी जरूरी है कि वह संपत्ति अनधिकृत तो नहीं है। ओएसडी गुंजा सिंह ने बताया कि अतिक्रमण से मुक्त जमीन पर पौधरोपण शुरू कर दिया गया है।

# शारदा यूनिवर्सिटी की छात्रा की आत्महत्या पर महिला आयोग सख्त

### डीजीपी से तीन दिन में रिपोर्ट मांगी, सुप्रीम कोर्ट ने भी लिया संज्ञान

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, शारदा विश्वविद्यालय की बीडीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा ज्योति की आत्महत्या का मामला राष्ट्रीय महिला आयोग तक पहुंच गया है। आयोग ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को तीन दिनों के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इस प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच सुनिश्चित की जाए। साथ ही परिजनों को आवश्यक सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जाए। मंडेला गर्ल्स हॉस्टल में गुरुग्राम की रहने वाली छात्रा ज्योति ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसने सुसाइड नोट में फैकल्टी को मानसिक रूप से उत्पीड़न करने का जिम्मेदार ठहराया था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी इस घटना का संज्ञान लिया और जांच के आदेश दिए थे। पुलिस ने इस मामले में दो प्रोफेसर को जेल भेज दिया है। शारदा विश्वविद्यालय ने डीन, एचओडी सहित चार प्रोफेसर को निलंबित कर दिया है। विश्वविद्यालय की जांच कमेटी भी इस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। उनका कहना है कि जिसकी भी लापरवाही पाई जाएगी, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# डेढ़ महीने से बिजली संकट

### नाराज लोगों ने लालकुआं बिजलीघर पर किया प्रदर्शन, महिलाओं ने भी परेशानी बताई

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, सत्यम एन्क्लेव, राज कंपाउंड, शंकर विहार, मानसरोवर और पंचशील कॉलोनी जैसे घनी आबादी वाले इलाकों में बीते डेढ़ महीने से बिजली की समस्या बनी हुई है। इन क्षेत्रों में दो-दो दिन तक बिजली गायब रहती है। इससे लोग गर्मी में परेशान हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि न तो इन्वर्टर चार्ज हो पा रहे हैं और न ही बच्चों-बुजुर्गों की तबीयत का ध्यान रखा जा पा रहा है। लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद बिजली विभाग के अफसर कोई सुनवाई नहीं कर रहे। एसडीओ और अन्य कर्मचारी फोन तक नहीं उठाते। जब सारे प्रयास विफल हो गए, तो लोगों ने लालकुआं स्थित बिजलीघर का घेराव कर दिया। इस प्रदर्शन में सैकड़ों स्थानीय निवासी पहुंचे। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं।

लोग बोले-नहीं हो रही कोई सुनवाई प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने मांग की कि बिजली आपूर्ति को तुरंत बहाल किया जाए। स्थानीय निवासी रवि शंकर ने बताया, हमने कई बार शिकायत की, लेकिन न कोई सुनता है और न ही मौके पर कोई आता है। संदीप सिंह ने कहा, हर बार कहा जाता है कि लाइन दुरुस्त कर रहे हैं, लेकिन ये काम खत्म ही नहीं होता। प्रदर्शन में शामिल सुनीता ने कहा, बिजली नहीं होने से बच्चों की हालत खराब हो रही है। महिलाओं को खाना बनाने में भी दिक्कत आ रही है। ज्योति वर्मा ने कहा, हमने पहले भी कई बार भरोसा किया, लेकिन सिर्फ बातें मिलीं। प्रदर्शन के बाद एडीएम ने लोगों से बातचीत की। उन्होंने आश्वासन दिया, मैं बिजली विभाग के सभी अधिकारियों की बैठक बुलाऊंगा और खुद निगरानी करुंगा कि इन इलाकों की समस्या जल्द हल हो।

# हाई टेंशन विद्युत लाइन के तार की चपेट में आकर 6 वर्षीय मासूम बच्ची बुरी तरह झुलसी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर में सोमवार को मकान की छत के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन विद्युत लाइन के तार की चपेट में आकर एक 6 वर्षीया मासूम बच्ची बुरी तरह। झुलस गई। हालाकि उक्त विद्युत लाइन कई वर्षों से डेड पड़ी है, लेकिन लाइन के खम्बों का इस्तेमाल कर इनके जरिए लोगों के घरों तक कनेक्शन के विद्युत केबल पहुंचाए गए हैं। अंदाजा लगाया जा रहा है कि उन्हीं विद्युत केबल से हाई टेंशन लाइन के तार में करंट दौड़ गया होगा। फिलहाल बच्ची को गंभीर हालत में लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। सरोजनी नगर के बदाली खेड़ा स्थित सैनिक नगर कॉलोनी में रहने वाले राजू खान प्राइवेट जॉब करते हैं। इनके मकान की छत के ऊपर से 11000 वोल्टेज विद्युत लाइन के तार गुजर रही है। लेकिन बताते हैं कि नादरगंज पावर हाउस से पोषित उक्त विद्युत लाइन के नीचे घर बन जाने के कारण करीब 30 वर्ष पहले ही इस लाइन को बंद कर दिया गया था। पर इसके तार अभी तक नहीं उतारे गए। नतीजा यह कि छतों के ऊपर से गुजर रहे तारों को कुछ लोग कपड़े सुखाने में इस्तेमाल कर रहे हैं, तो विद्युत विभाग इस लाइन के कुछ खम्भों को विद्युत कनेक्शन देने में इस्तेमाल कर रहा है। इन्हीं खम्बों के जरिए कुछ लोगों को कनेक्शन देने के लिए उनके घरों तक विद्युत केबल पहुंचाए गये हैं। सोमवार शाम करीब 4 बजे पास के ही एक स्कूल में कक्षा एक की पढ़ाई करने वाली राजू खान की 6 वर्षीय बेटी अलीना अपने पड़ोस की रहने वाली एक अन्य मासूम बच्ची के साथ अपने घर की दूसरी मंजिल की छत पर खेल रही थी। तभी छत के ऊपर से गुजर रहे उक्त विद्युत लाइन में उतरी करंट की चपेट में आकर चीखने चिल्लाने लगी और वह बुरी तरह झुलस गई। यह देख उसके साथ खेल रही बच्ची भाग कर नीचे उतरी और अलीना के परिजनों को बताया। इसके बाद आनन फानन परिजनों ने बुरी तरह झुलसी अलीना को उठाकर लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज जारी है। उधर इस मामले में नादरगंज एसडीओ आरसी यादव का कहना है कि उक्त लाइन आलमबाग गई थी, जो पिछले 30 वर्षों से डेड पड़ी है। उनका कहना है कि बच्ची अपने घर के ही किसी तार के करंट की चपेट में आई है। मामले की जांच की जा रही है।

## खराब मौसम में कोई भी व्यक्ति घर से बाहर न निकलें- एडीएम

अमन लेखनी समाचार

महोबा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा एलर्ट जारी किया गया है कि 29 जुलाई व 30 जुलाई को भारी वर्षा होने एवं आंधी तूफान के साथ वज्रपात होने की संभावना है। जनसाधारण को बचाव हेतु अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश द्वारा एडवाइजरी जारी किया गया है कि पशु हानि से बचाव हेतु खराब मौसम के दौरान पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर बांधे, पेड़ के नीचे ,टीन शेड के नीचे न बांधे। पशुओं को चरही के लिए न छोड़ें, क्योंकि पशु भी स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ों के नीचे छिपते हैं जो सुरक्षित नहीं है। खराब मौसम में कोई भी व्यक्ति घर से बाहर न निकलें, छिपने के लिए सुरक्षित स्थान के रूप में पक्के मकान का ही प्रयोग करें, पेड़ के नीचे न छिपे, जंगली क्षेत्र में छोटे पेड़ के नीचे छिपे, पैर के नीचे सुखी लकड़ी, पत्ते रखें। बारिश के समय बर्तन, नहाने या कपड़े न धुलें। किसी इलेक्ट्रॉनिक वस्तु टीवी कुलर या अन्य वस्तु को न छुएं। मोबाइल फोन पर बात न करें, जर्जर मकान से दूर रहें।

## नाग पंचमी के अवसर पर आज होगा दंगल महोत्सव का कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

महोबा। कुलपहाड़ में नाग पंचमी के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज मंगलवार को दोपहर 2 बजे से दंगल महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न दूर दराज के गांव की टीमें प्रतिभाग करेंगी ।दंगल महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष बृजभूषण यादव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति नाग पंचमी के अवसर दंगल महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसमें 29 जुलाई को दोपहर 2 बजे से दूरदराज के शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की टीमें प्रतिभाग में हिस्सा ले रही हैं। जिसमें महिला पहलवानों के साथ साथ धोलपुर, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, छतरपुर, बांदा, हमीरपुर, कानपुर, इंदौर, भोपाल, झांसी, महोबा आदि स्थानों से नामी गिरामी पहलवान कुश्ती में भाग ले रहे हैं। बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामजीवन यादव दद्दा की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा।

# किसान यूनियन के नेतृत्व में जल निकासी न होने पर महिलाओं ने हाइवे पर लगाया जाम

अमन लेखनी समाचार




महोबा। पनवाड़ी कस्बा के मुहाल सुभाषनगर में अभी हाल ही में हुई मूसलाधार बारिश के चलते जल निकासी न होने पर सड़कें जलमग्न हो गयी। जिससे मुहाल के सैकड़ो महिलाओं पुरुष परेशान थे। जिससे उनके छोटे-छोटे बच्चे घरों से नहीं निकल पा रहे थे इसी को लेकर मुहालवासियों का गुस्सा फूट पड़ा और सुभाष नगर मुहल्ला से निकाल कर सैकड़ो महिलाओं ने हरपालपुर मार्ग जाम लगा दिया जाम की खबर लगते ही थाना प्रभारी निरीक्षक गुलाब त्रिपाठी मय पुलिस बल के साथ स्थल पर पहुंचे उनकी समस्या को सुना और कहा कि आप लोग जाम मत लगाइए यह समस्या ब्लॉक की है बीडीओ और सचिव को अपनी समस्या बतायें। उन्होंने हाईवे का जाम खोल दिया और ग्राम पंचायत सचिवालय पहुंच गई वहां पर भी किसी ने नहीं सुनी तो वह ब्लॉक परिसर पहुंचकर बुंदेलखंड के सामने में संगठन प्रभारी बालाजी के नेतृत्व में सेकडों पुरुष और महिलाओं ने पनवाडी ब्लॉक परिसर में पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की पनवाड़ी कस्बे के सुभाष नगर मुहाल में वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या ने आखिरकार जनता का धैर्य तोड़ दिया। सोमवार को बुंदेलखंड किसान यूनियन के संगठन प्रभारी बालाजी के नेतृत्व में सैकड़ों पुरुषों और महिलाओं ने पनवाड़ी ब्लॉक परिसर में पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।धरना स्थल पर सुमन पत्नी चिंतामन, गोमती पत्नी नत्थू, रीता अनुरागी पत्नी जयपाल, सुमन पत्नी पुष्पेंद्र, रानी पत्नी सिद्धगोपाल और रशीदा पत्नी बबलू समेत दर्जनों महिलाएं जमीन पर बैठकर जल निकासी की स्थायी व्यवस्था की मांग करने लगीं। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि हर वर्ष बारिश के मौसम में सुभाष नगर की गलियाँ तालाब में तब्दील हो जाती हैं। घरों के अंदर पानी भरने से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बुंदेलखंड किसान यूनियन ने इसे जनता की मूलभूत सुविधा से जुड़ा मामला बताते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र उचित कार्यवाही नहीं की गई तो आंदोलन और अधिक उग्र रूप ले सकता है। धरने की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा, नायब तहसीलदार मुकुल, लेखपाल बृजेंद्र पाल सहित प्रशासनिक अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और जलभराव प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से संवाद स्थापित कर उन्हें आश्वासन दिया कि समस्या के समाधान हेतु ठोस कदम जल्द उठाए जाएंगे।इसके बाद बुंदेलखंड किसान यूनियन के नेता बालाजी, जिला अध्यक्ष देवदीन, अरविंद तिवारी और उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र की सहमति के पश्चात धरना प्रदर्शन शांतिपूर्वक समाप्त कर दिया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से शीघ्र स्थायी समाधान की मांग की है। नागरिकों ने स्पष्ट संकेत दिया है कि यदि समस्या बनी रही तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## लंबे समय से संचालित जुआड़खाने पर पुलिस टीम ने मारा छापा, छह को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

महोबा। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अरुण कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अजनर थाना पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए 6 लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर व0उ0नि0 कन्हैयालाल, उ0नि0 राधा मोहन त्रिवेदी, उ0नि0 आकाश मौर्य व पुलिस टीम द्वारा ग्राम अजनर स्थित नहर कोठी के बरामदे में छापा मारा गया।जहां जुआ खेलते हुए 6 अभियुक्तों को ताश के पत्तों पर पैसे की बाजी लगाते हुए गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 1.02 लाख नकद, ताश की गड्डी, वाहन और मोबाइल बरामद हुए है गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने नाम अखिलेश यादव पुत्र चेतराम यादव 35 वर्ष निवासी दीवानपुरा थाना राठ, रामऔतार कोरी पुत्र बारेलाल कोरी 26 वर्ष निवासी सिकंदरपुरा थाना राठ,विजय नाई पुत्र छोटेलाल 34 वर्ष निवासी पठनऊ, अभिषेक राजपूत पुत्र सिद्ध गोपाल राजपूत 26 वर्ष, निवासी जलालपुर, भान सिंह राजपूत पुत्र रामगोपाल 55 वर्ष निवासी बुधौलिया नगर थाना राठ, मइयादीन राजपूत पुत्र नन्दकिशोर 55 वर्ष निवासी खेड़ा शीलाजीत, थाना जरिया, हमीरपुर हाल पता दीवानपुरा, वांछित अभियुक्त कंधी कुशवाहा निवासी बाराखम्भा, हरेन्द्र यादव निवासी चुंगी थाना राठ, राजपाल उर्फ दाऊ, निवासी नौगांव, रीतेश यादव निवासी राठ, हमीरपुर बताये है इस संबंध में थाना अजनर में धारा 13 जुआ अधिनियम व 112(2) बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## बुंदेलखंड के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री से की मुलाकात

अमन लेखनी समाचार



महोबा। बुंदेलखंड के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर सदर विधायक राकेश गोस्वामी और एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ स्थित पांच कालिदास मार्ग आवास पर मुलाकात की। यह मुलाकात चित्रकूट मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ हुई समीक्षा बैठक के उपरांत अतिरिक्त समय में संपन्न हुई। मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों ने बुंदेलखंड क्षेत्र में हाल ही में हुई अत्यधिक वर्षा से किसानों को हुए भारी नुकसान की जानकारी दी और त्वरित राहत राशि आवंटन की मांग रखी। उन्होंने जिले में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए प्रमुख मार्गों के निर्माण, चंद्रावल नदी पर पुल निर्माण, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर खरेला-मुस्करा के मध्य कट निर्माण, महोबा में महिला डिग्री कॉलेज की स्थापना सहित कई प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष रखे। इसके अलावा ऐतिहासिक स्थलों जैसे मंगलगढ़ किला, सेनापति महल, सूर्य मंदिर रहेलिया के विकास तथा झलकारी बाई से परमानंद चौराहा तक चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। साथ ही मुस्करा, जैतपुर एवं पनवाड़ी ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत का दर्जा देने का आग्रह किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम को निर्देश दिए कि चरखारी स्थित ऐतिहासिक मंगलगढ़ किला के संरक्षण और विकास की शीघ्र कार्य योजना बनाई जाए। साथ ही रहेलिया के सूर्य मंदिर और कुलपहाड़ के सेनापति महल के कायाकल्प के लिए भी निर्देश जारी किए। वहीं मुख्यमंत्री आवास पर मौजूद लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव अजय चौहान और नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात को संबंधित विकास कार्यों के लिए प्रस्तावित योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए गए। इस मुलाकात को लेकर क्षेत्रीय जनता में सकारात्मक उम्मीदें जगी हैं कि महोबा और बुंदेलखंड के बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों को अब गति मिलेगी।

## ऐसी संतान को जन्म ही नहीं लेना चाहिए जो अपने माता-पिता को दुःख दे- पंडित बृजनंदन मिश्रा

अमन लेखनी समाचार



महोबा। कुलपहाड़ के मां बाघ बिराजन धाम मंदिर प्रांगण में चल रही संगीतमय शिव महापुराण कथा में श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा व्यास पंडित बृजनंदन मिश्रा ने कहा कि झुकता वही है जिसमें जान होती है। अकड़ खास मुर्दे की होती है जो अपने से बड़े के सामने झुकता है, उसकी चार पीढ़ी बढ़ती है। आयु विद्या यश बल सन्त और ग्रन्थ कहते हैं, कि जिस वृक्ष में ज्यादा फल होते हैं, वह अक्सर झुकता है। संस्कार संसार की सबसे बड़ी पूंजी है। 16 संस्कारों में केवल दो ही संस्कार बचे हैं। संस्कार ही व्यक्ति को श्रेष्ठ बनाता है। ऐसी संतान को जन्म ही नहीं लेना चाहिए, जो अपने माता-पिता को दुःख दे। संस्कार विहीन संतति होगी, तो यही होगा। एक पिता अपने चार बच्चों को पड़ा लिखा कर योग्य बनाता है। सारी सुख सुविधा देता है। जब पुत्रों की बारी आती है, तो वह अपने माता-पिता को बेबसी पर छोड़ देता है। सनातन में संस्कार ही सर्वोपरि है। कहा कि जैसी प्रीति मदपान जैसे व्यसनों से है, ऐसी प्रीति भक्ति से होना चाहिए। महादेव की भक्ति का नशा करो आदत बुरी सुधार लो बस हो गया। भजन मां की तरंग संभाल लो बस हो गया भजन। कहा कि माता-पिता को गति न देने वालों की दुर्गत ही होती है। सबसे बड़ा बल बुद्धि का माना गया है। भगवान गणपति बुद्धि के देवता हैं। बुधवार को 21 दूर्वा गणपति को चढ़ाने से रुके हुए काम पूरे हो जाते हैं। भाग्य बहुत बलवान होता है। लाख करो चतुराई कर्म का लेख मिटे ना भाई किसी के दुःख परेशान परिस्थितियों में देखकर हंसना नहीं चाहिए। बल्कि उसकी सहायता करना चाहिए। इतनी शक्ति हमें देना दाता मन का विश्वास कमजोर होना आपके मन में जितना दृढ़ विश्वास होगा, उतना ही फलीभूत होगा। वक्त वापस नहीं आता यह सत्य है सनातन है वक्त को बदलने वाला कालों का काल महाकाल है। कहते हैं कि काल भी उसका क्या करें, जो भक्त हो महाकाल का। कहा कि जितना झुकोगे उतना ही ऊपर उठोगे। ऋषि के द्वारा श्राप देने पर शमी और मंदार वृक्ष बन गए, जिन पर कोई पक्षी भी बैठना पसंद नहीं करता। शमी और मंदार द्वारा भगवान शंकर की स्तुति करने पर उन्होंने वरदान दिया कि मेरी आराधना मेरी पूजा आज से तुम्हारे बिना पूर्ण नहीं होगी। शमी और मंदार भूत भावन भोले बाबा को चढ़ाने से आपके सारे कष्ट दूर हो जाएंगे। शिव की भक्ति में बड़ी शक्ति है मदार का सफेद पुष्प भोले बाबा पर चढ़ाने से आपकी किस्मत के भी ताले खोल देता है। जब आप बेलपत्र शिवजी को चढ़ाते हैं, तो आपके तीन जन्मों के पापों का नाश हो जाता है। बताया कि बेलपत्र शिव पर्वो प्रदोस अमावस्या मासिक शिवरात्रि मकर संक्रांति दिवस पर न तोड़ें। बेलपत्र के बारे में कहा कि हर तीन पत्तों में क्या बल है, इसमें भोला का बल है। कहा कि तीन बेलपत्र हर हर महादेव घर-घर महादेव का बास होना चाहिए, जो सबका है वह शिव का है। अपने बच्चों को शिव भक्ति से जोड़ो कल्याण हो जाएगा। कथा में यजमान तुलसा देवी अरविंद साहू सहित उनके परिजन नाते रिश्तेदार भरपूर सहयोग प्रदान कर रहे हैं। कार्यक्रम की व्यवस्था मंदिर के पुजारी पंडित नरेंद्र दुबे महाराज, रिंकी दुबे, आर्यन दुबे द्वारा संभाली जा रही है। कथा में भारी संख्या में भक्तगण कथा का श्रवण कर अपने जीवन को सफल बना रहे हैं।

## ससुराली जनों पर गंभीर आरोप लगा कर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर।पतारा गांव निवासी स्व. रामकुमार सविता की पुत्री आरती ने आज दोपहर को फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली आत्महत्या से पूर्व युवती ने अपने मोबाइल में एक वीडियो भी बनाया जिसमे उसने अपनी मृत्यु का जिम्मेदार ससुराली जनों को ठहराते हुए उन पर गंभीर आरोप लगाए हैं बताते चलें कि उक्त युवती का विवाह 5 फरवरी 2024 को ग्राम महमदपुर मजरा हथेही विकाश खण्ड पतारा जनपद कानपुर निवासी अभिषेक पुत्र सोनेलाल के साथ संपन्न हुआ था जो दिल्ली में रहकर निजी क्षेत्र में नौकरी करता है। मृतक आरती के पिता रामकुमार की मृत्यु बीमारी के कारण कई वर्षों पूर्व हो चुकी वहीं उसकी मां रमाकांती गांव के परिषदीय विद्यालय में भोजन बनती है।मृतक आरती की बहन रानी ने बताया कि वह कई दिनों से बीमार थी वह अपनी मां रमाकांती के साथ डॉक्टर को दिखवाने हमीरपुर गई थी जहां पर आरती से दो बार बात हुई तो वह बहुत रो रही थी उसके बाद मैने कई बार उसके फोन पर कॉल की पर आरती ने फोन नहीं उठाया घर पहुंचने पर वह फांसी के फंदे पर झूल रही थी जिसे परिजन आनन फानन में जिला अस्पताल लेकर आए जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया परिजनों ने बताया कि शादी के बाद से ससुरालियों के द्वारा लगातार उसे प्रताड़ित किया जा रहा था जिससे वह बहुत परेशान रहती थी अभी कुछ दिनों पहले ही वह ससुराल से गांव लौटी थी जहां पर फोन से लगातार उसके ससुराल वाले प्रताड़ित करते रहे आज उसने परेशान होकर फांसी लगा ली थाना पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंच कर डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम हेतु भेजा है।

## श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ भव्य कांवड़ यात्रा का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



महोबा। चरखारी नगर में विगत वर्षों की परंपरा का अनुपालन करते हुए इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ के अनन्य भक्तों द्वारा श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा बी पार्क चरखारी से प्रारंभ होकर मंडी तिराहा, गुमान बिहारी मंदिर होते हुए पुनः मंडी तिराहा से गुजरती हुई मंदिर श्री बटुक भैरवनाथ तक पहुँची।जहाँ पर समस्त शिवभक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया जिसके उपरान्त भव्य आरती हुई एवं सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया मंदिर बटुक भैरव नाथ जू के महंत जुगुल भारती ने कांवड़ यात्रा के आध्यात्मिक महत्व को विस्तार से बताते हुए कहा कि कांवड़, भगवान शिव के प्रति प्रेम, भक्ति एवं समर्पण का सशक्त प्रतीक है। सावन माह में भक्तगण पवित्र गंगाजल भरकर लंबी यात्रा करते हुए भगवान शिव को अर्पित करते हैं। मान्यता है कि इस पुण्य कार्य से न केवल भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त होता है, अपितु इससे पूर्व जन्मों के पाप भी नष्ट होकर मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।महंत जुगुल भारती ने पौराणिक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए बताया कि समुद्र मंथन के समय उत्पन्न महाविष (हलाहल) को भगवान शिव ने लोकहितार्थ अपने कंठ में धारण किया था जिसके प्रभाव से उनका कंठ नीला हो गया और वे नीलकंठ कहलाए। मान्यता है कि उस विष के प्रकोप को शीतल करने के लिए भक्तों ने गंगाजल से उनका अभिषेक किया। पौराणिक कथाओं में रावण को प्रथम कांवड़िया माना जाता है जिसने गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक किया। वहीं कुछ मान्यताओं के अनुसार भगवान परशुराम ने भी गढ़मुक्तेश्वर से गंगाजल लाकर पुरा महादेव में भगवान शिव का जलाभिषेक कर कांवड़ यात्रा की परंपरा को प्रारंभ किया। गंगाजल को परम पवित्र माना जाता है तथा भगवान शिव पर उसका अर्पण अत्यंत पुण्यकारी एवं कल्याणकारी समझा जाता है।

## तुलसी की जैविक खेती को बढावा देने के लिये डीएम द्वारा बैठक में दिए गए निर्देश

अमन लेखनी समाचार




महोबा। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की वर्ष 2025-26 की कार्ययोजनाओं के अनुमोदन हेतु आत्मा गवर्निंग बोर्ड व जिला स्तरीय समितियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी है। बैठक में उपस्थित उप कृषि निदेशक रामसजीवन द्वारा विभागीय योजनाओं की कार्ययोजनायें प्रस्तुत की गयी जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में पान की खेती का क्षेत्रफल लगातार कम होता जा रहा है, इसका क्या कारण है तथा किसानों की क्या समस्यायें है, इनका किसानो के साथ बैठक कर पता लगाया जाये व पान की खेती को बढाया जायें।जिलाधिकारी द्वारा तुलसी की जैविक खेती के बढावा देने के लिये प्रयास करने के निर्देश भी दिये गये। बैठक में सर्व सहमति से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन, सब मिशन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना, उ०प्र० मिलेट्स पुनरोद्वार कार्यक्रम, परम्परागत कृषि विकास योजना, बुन्देलखण्ड में गौ-आधारित खेती, नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजनाओं की वर्ष 2025-26 की भौतिक एवं वित्तीय कार्ययोजनाओं का अनुमोदन आत्मा गवर्निंग बोर्ड द्वारा किया गया। बैठक में उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, अग्रणी जिला प्रवन्धक बैंक, के० वी० के० प्रभारी, मत्स्य, लघु सिंचाई, पशुपालन, ग्रामोन्नति संस्थान, सचिव सदाचार समिति, आदि विभागों के सदस्य एवं जनपद के प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहें।

## भगवान शिव के मंदिरो में सुबह से ही पूजा अर्चना करने में लीन रहे आस्थावान

अमन लेखनी समाचार



महोबा। मुख्यालय के शिव मंदिरों में श्रावण मास के तृतीय सोमवार के रोज भक्तों द्वारा मंदिर में पहुंचकर शिव के मंदिर परिसर एवं प्रभु की प्रतिमा को भी साफ स्वच्छ किया वही आस्था रखने वाले भगवान शिव के मंदिर में सुबह से ही पूजा अर्चना करने में लीन हो गए बताते चलें कि श्रावण मास के सोमवार के दिन शहर के शिव तांडव बलखंडेश्वर रामकुंड धाम व राम कथा मार्ग सहित सभी शिव मंदिरों में महिलाओं और पुरुषों द्वारा भगवान शिव को प्रसन्न करने एवं उनसे फल पाने के लिए अपने घरों से भगवान शिव को अर्पण करने की पूजा सामग्री को टोकरी में सजाकर शिव के दिव्य दरबार में पहुंचकर प्रभु को सबसे पहले गंगाजल से स्नान कराकर उन्हें दूध दही शहद घी शक्कर का अभिषेक किया तथा प्रभु भोलेनाथ को भांग धतूरा शमी पत्र बेलपत्र रोड़ी चंदन चावल सहित अन्य सामग्री अर्पण कर उनके दरबार में माथा टेक कर परिवार के लिए सुख समृद्धि की प्रार्थना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया फिर तत्पश्चात जय शिव ओंकारा की आरती गाकर घड़ियाल घंटी की ध्वनि में वातावरण भक्तिमय हो गया और शिव भक्त मस्ती में भाव विभोर होकर झूम उठे पूजा समापन उपरांत भगवान भोलेनाथ को भोग अर्पण किया हर हर महादेव बम भोले ओम नमः शिवाय के जयकारों से शिवालय गूंज उठे वहीं शहर में कई श्रद्धालुओं के द्वारा महामृत्युंजय का जाप तथा अपने घरों में मिट्टी के शिव बनवाकर पूर्ण लाभ कमाया प्रभु की विधि विधान से पूजा अर्चना कर समापन के उपरांत उन्हें जल में विसर्जित किया और कई शिव भक्तों द्वारा घरों में कन्याओं को बुलाकर उनके चरण पखार कर उन्हें दक्षिणा देकर भोजन कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया वहीं दूसरी ओर शहर के चंदेलकालीन सरोवर मदन सागर के किनारे स्थित प्राचीन स्थान कंठेश्वर महादेव के मंदिर में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर अभिषेक किया

## विहिप जिलाध्यक्ष रामदत्त पाण्डेय को मिली प्रांतीय सह धमार्चार प्रमुख की अतिरिक्त जिम्मेदारी

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर, सुमेरपुर। कस्बा सुमेरपुर निवासी तथा महान संत स्वामी परमानंद जी के कृपापत्र रामदत्त पाण्डेय को विहिप का प्रांतीय सह धमार्चार प्रमुख बनाए जाने पर लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है,गौर तलब है कि पाण्डेय जी का जीवन संगठनों की सेवा और सामाजिक समर्पण का जीवंत उदाहरण रहा है। सिंचाई विभाग में अभियंता पद पर रहते हुए आपने डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ में प्रांतीय उपमहासचिव एवं उपाध्यक्ष के पदों पर कार्य किया। सेवा निवृत्ति के उपरांत भी आपने जनसेवा का कार्य नहीं छोड़ा। भारतीय जनता पार्टी हमीरपुर के जिला उपाध्यक्ष के रूप में आपने संगठन को मजबूती प्रदान की। इसके साथ ही श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र हमीरपुर समन्वय समिति के अध्यक्ष के रूप में भी आपने उल्लेखनीय भूमिका निभाई। वर्तमान में आप विश्व हिंदू परिषद हमीरपुर के जिलाध्यक्ष हैं। आपके सामाजिक, धार्मिक और संगठनात्मक योगदान को देखते हुए 27 जुलाई 2025 को आपको विश्व हिंदू परिषद कानपुर प्रांत का सह धमार्चार प्रमुख नियुक्त किया गया है। यह न केवल हमीरपुर जनपद बल्कि पूरे प्रांत के लिए गौरव की बात है, इस नए दायित्व के लिए लोगों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

## नरकीय जीवन जीने को मजबूर वार्ड 15 के वाशिंदे

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। वार्ड संख्या 15 के करीब पांच सैकड़ा लोग कस्बे में रहने के बाद नरकिय जीवन जीने को मजबूर है। शिकायत के बाद भी नगर पंचायत ने सीसी मार्ग का निर्माण नहीं कराया है। वार्ड संख्या 15 के निवासी प्रत्यूष साहू, महेंद्र निषादष सज्जन साहू, विनोद साहू, गोरेलाल निषादष जयराम यादव, रामबली यादव, राममिलन, रमेश साहू, सुशील प्रजापति, विक्रम साहू, शंकर साहू, रामऔतार साहू, घसीटा आदि ने बताया कि वार्ड के करीब पांच सैकड़ा लोग कस्बे के वाशिंदे होने के बाद गांवों से भी बदत्तर जिंदगी जी रहे हैं।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के सदस्यों ने एकता पैलेस में की बैठक

अमन लेखनी समाचार

महोबा। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के सदस्यों ने एकता पैलेस में बैठक की जिसमें कुलदीप नगयाच को प्रांतीय संगठन मंत्री, माधव खरे को प्रांतीय उपाध्यक्ष तथा विकास सिंह को प्रांतीय रोजगार सृजन प्रमुख बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया तथा केंद्रीय कार्यकारिणी को धन्यवाद दिया गया तीनों पदाधिकारियों का जिले में आगमन पर किराड़ी फाटक पर फूल मालाओं से उनका स्वागत किया गया

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# किंगडम का ट्रेलर रिलीज पुलिस की वर्दी में दिखे विजय

**मुंबई।** साउथ के अभिनेता विजय देवरकोंडा की फिल्म 'किंगडम' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में विजय एक अंडरकवर जासूस की भूमिका निभा रहे हैं। ट्रेलर में वह अपने भाई के लिए लड़ते हुए नजर आ रहे हैं। इस फिल्म को हिंदी में 'किंगडम' नहीं बल्कि 'साम्राज्य' के नाम से रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर की शुरुआत एक आवाज से होती है। इसमें सुना जा सकता है 'तुझे एक इमरजेंसी ऑपरेशन के लिए अंडरकवर जासूस बनना पड़ेगा।' इसके बाद ट्रेलर में विजय को दिखाया जाता है। फिर आवाज आती है तुझे अपनी मां, काम और घर सब छोड़ना पड़ेगा। इसके बाद विजय पुलिस की वर्दी में नजर आते हैं।

लाइफStyle

# दीपिका

## सिनेमा से इतर काम के लिए मिली तारीफ

बॉलीवुड स्टार दीपिका पादुकोण लगातार कई उपलब्धियों को छू रही हैं। हाल ही में उन्हें 'द शिफ्ट' की सबसे मशहूर 90+ वुमन शेपिंग कल्चर सूची में शामिल किया गया है। इस लिस्ट में सेलेना गोमेज, एंजेलिना जोली और जोया अख्तर जैसी हस्तियों को शामिल किया गया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस सूची में दुनिया भर की वैश्विक प्रभाव वाली महिलाओं को शामिल किया जाता है। इस लिस्ट में शामिल होकर दीपिका पादुकोण काफी खुश हैं। उन्होंने अपनी खुशी का इजहार इंस्टाग्राम पर किया है। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा 'द शिफ्ट हमारे भविष्य को आकार देने वाली 90 आवाजों का सम्मान कर रहा है। इस सम्मान के लिए आभारी हूं।' दीपिका ने अपनी तस्वीर शेयर करते अपनी कामयाबी के बारे में लिखा है। उन्होंने कहा 'मेरे लिए, सफलता केवल पेशेवर उपलब्धियां नहीं हैं। बल्कि, मैं अच्छी रहूं यह भी मेरी कामयाबी है। मेरे लिए मानसिक स्वास्थ्य, खुद की देखभाल, अनुशासन और दृढ़ संकल्प की तरह जरूरी है। मैं उन लोगों को प्रेरित करने की कोशिश करती हूं जो सब्र और प्रामाणिकता को अहमियत देते हैं।' इस लिस्ट में दीपिका का नाम सिनेमा से परे उनके प्रभाव को दर्शाता है। दीपिका 'लिव लव लाफ फाउंडेशन' के जरिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए काम करती हैं। इस पहल के जरिए दीपिका ने देश ही नहीं दुनिया में भी दिमागी सेहत के बारे में बातचीत को सामान्य बनाने में मदद की है। दीपिका अब अपनी अगली बड़ी फिल्म के लिए तैयार हैं। वह वह जल्द ही फिल्म 'एए2222xए6' में नजर आने वाली हैं। इसका निर्देशन एटली कर रहे हैं।



हॉलीवुड मसाला



## कोचर वीक 2025 के लिए आईं भारत

**दिल्ली।** ब्राजील की मशहूर सुपरमॉडल एलेसेंड्रा एम्ब्रोसियो को इंडिया में स्पॉट किया गया। हाल ही में दिल्ली एयरपोर्ट पर एलेसेंड्रा अपनी बेटी के साथ नजर आईं। दरअसल, एलेसेंड्रा भारत की सबसे चर्चित फैशन शोज में से एक कोचर वीक 2025 में हिस्सा लेने के लिए आई हैं और इसमें भी वो किसी आम मॉडल की तरह नहीं, बल्कि डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की शो-स्टॉपर बनकर रैंप पर उतरने वाली हैं। एलेसेंड्रा एम्ब्रोसियो को मनीष मल्होत्रा ने अपने खास कलेक्शन को पेश करने के लिए इनवाइट किया है और एलेसेंड्रा न सिर्फ वॉक करने वाली हैं, बल्कि शो की मुख्य आकर्षण यानि शो-स्टॉपर भी होंगी।



## निकोलज ने साउथ इंडिया की डिश का लिया आनंद

**मुंबई।** हॉलीवुड सीरीज 'गेम ऑफ थ्रोंस' के कलाकार निकोलज कोस्टर वाल्डो इन दिनों भारत दौरे पर हैं। हाल ही में उन्हें बेंगलुरू के एक कैफे में देखा गया। यहां उन्होंने साउथ इंडिया की मशहूर डिश का लुत्फ लिया। हॉलीवुड अभिनेता सिंपल ड्रेस जींस और टीशर्ट में नजर आए। निकोलज कोस्टर वाल्डो का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कई लोग उनके आस-पास हैं लेकिन उन्हें कोई नहीं पहचान रहा है। इसके बाद एक फैन ने उनका वीडियो बनाया और उनके साथ सेल्फी ली। हालांकि इस बात की उन्हें जानकारी नहीं हुई। वीडियो में देखा जा सकता है कि निकोलज टेबल पर अपने दोस्तों के साथ बातचीत कर रहे हैं। कैफे में अभिनेता ने इडली, डोसा और वड़ा खाया। ये तीनों साउथ इंडिया की मशहूर डिशेज हैं। एक तस्वीर में अभिनेता ने अपने दोस्तों के साथ रेस्टोरेंट के बाहर कई पोज दिए।



## अनीत वेब सीरीज न्याय में आएंगी नजर

**मुंबई।** अनीत पड्डा इन दिनों छाई हुई हैं। अपनी फिल्म 'सैयारा' के साथ वो 'नेशनल क्रश' बन चुकी हैं। अब उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर जोरशोर से चर्चा हो रही है। वो अब ओटीटी पर नजर आ सकती हैं। उनकी वेब सीरीज का नाम 'न्याय' है, जिसकी शूटिंग वो पिछले साल कर चुकी थीं। मोहित सूरी की हालिया रिलीज 'सैयारा' से अनीत पड्डा रातोंरात फेमस हो चुकी हैं। अब उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर नई खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि वो एक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कोर्टरूम ड्रामा वेब सीरीज में नजर आएंगी, जिसकी शूटिंग वो सैयारा से पहले ही कर चुकी थीं। अनीत पड्डा का यशराज फिल्म्स के साथ तीन फिल्मों को लेकर स्पेशल कॉन्ट्रैक्ट है। इसके बावजूद वो वीआरएफ से अलग एक प्रोजेक्ट न्याय में दिखेंगी।



## थामा में दिखेगी वैंपायर-भेड़िए की टक्कर

**मुंबई।** फिल्म थामा में आयुष्मान खुराना एक वैंपायर के रोल में नजर आएंगे। फिल्म में हीरोइन के रोल में रश्मिका मंदाना हैं। अब वरुण धवन भी इस फिल्म का हिस्सा बन रहे हैं। यह फिल्म मैडॉक प्रोडक्शन की है। इससे पहले वह स्त्री 2 और भेड़िया जैसी हॉरर-कॉमेडी फिल्में बना चुके हैं। स्त्री 2 में भेड़िए के किरदार में वरुण धवन ने कैमियो किया। इसी तरह वह फिल्म थामा में नजर आएंगे। फिल्म थामा में वरुण धवन नजर आएंगे। वह आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की इस फिल्म की शूटिंग लगभग 6 दिन कर चुके हैं। इस फिल्म में वह अपने भेड़िए वाले रोल में नजर आएंगे। जबकि फिल्म थामा में आयुष्मान खुराना वैंपायर के रोल में दिखेंगे। फिल्म थामा में वरुण धवन की एंट्री से दर्शकों को वैंपायर और भेड़िए की टक्कर देखने को मिलेगी।

टीवी मसाला



## इन बच्चों ने सिर्फ डांस नहीं जिंदगी से लड़ना भी सीखा

**मुंबई।** सुपर डांसर 5 एक ऐसा मंच है जहां देश के टैलेंटेड बच्चे अपना हुनर दिखा रहे हैं। इस बार कुछ ऐसे कंटेस्टेंट्स भी इस डांस शो में शामिल हुए हैं जो सोशल मीडिया पर पहले से पॉपुलर हैं। अब वे सुपर डांसर 5 के मंच पर अपना टैलेंट दिखाकर खिताब जीतना चाहते हैं। सिर्फ 13 साल की उम्र में आध्याश्री सोशल मीडिया पर लाखों लोगों की तारीफ हासिल कर चुकी हैं आध्याश्री ने बताया, 'डांस मेरे अंदर अपने आप आ गया था। एक दिन गणपति फेस्टिवल के कॉम्पिटिशन में स्टेज पर चढ़ गई और बिना बताए डांस करना शुरू कर दिया। यहां तक कि मम्मा को भी नहीं पता था।' मुंबई तक का सफर आध्याश्री के लिए आसान नहीं था। वह कहती हैं, 'मम्मी गांव में रहती हैं, शहर की चीजें उन्हें नहीं पता थीं। सब मैंने सिखाया, कहां जाना है? क्या करना है? मम्मी ने मेरे लिए बहुत कुछ किया है, वो मम्मी भी हैं और पापा भी।' सोशल मीडिया पर आध्याश्री की रील्स लाखों बार देखी जाती हैं, इस डांस के पीछे की मेहनत पूरी तरह उनकी है। 10 साल के सोमांश, शांत स्वभाव के लेकिन अंदर से बहुत मजबूत हैं। उनके लिए ये 'सुपर डांसर 5' सिर्फ एक शो नहीं, अपनी मां का सपना पूरा करने का जरिया है। 'जब मैं छोटा था, मम्मी के साथ टीवी पर सुपर डांसर देखा करता था। मम्मी कहती थीं, 'काश मेरा बेटा भी एक दिन ऐसे डांस करे। आज जब मैं इस मंच पर खड़ा हूं, तो लगता है कि उनका सपना पूरा कर रहा हूं।' सोमांश ने बताया कि मम्मी ने उसके लिए सब कुछ झेला, हर मुश्किल खुद पर ली, जिससे बेटे का सपना जिंदा रहे। वह कहते हैं, मैं प्राउड से कह सकता हूं कि मेरी लाइफ में कोई तकलीफ नहीं आई, क्योंकि मम्मी ने सबकुछ पहले ही संभाल लिया था।

### 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' मचाएगा तूफान

**नई दिल्ली।** क्योंकि सास भी कभी बहू 29 जुलाई से शुरू हो रहा है। रात 10.30 बजे इसका पहला एपिसोड आएगा। जहां एक बार फिर दर्शक



अपनी चेहती तुलसी उर्फ स्मृति ईरानी को देख सकेंगे। हाल में ही खबरें आई थीं कि जेनिफर विंगेट का भी कैमियो देखने को मिलेगा। स्मृति ईरानी ने खुद कभी सास भी कभी बहू का प्रोमो शेयर किया हुआ है। जहां वह लाल साड़ी में बिल्कुल पुराने अंदाज में दिख रही हैं। वह घर की बहू के रूप बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं। इस प्रोमो को देखते ही सबसे पहला कमेंट तो एक फैन का यही है कि आ गई तुलसी अनुपमा का पत्ता काटने. एक ने लिखा, एक बार फिर से इसे देखने में मजा आने वाला है। एक यूजर ने लिखा, 'ऐसा लग रहा है कि जैसे 2000 के वक्त में वापस पहुंच गए हैं। हर चीज में एक पुरानी यादों की खुशबू और सुकून भरी फीलिंग है। जैसे बचपन की गलियों में फिर से लौट आए हों।'

## सोशल मीडिया को बनाना होगा जिम्मेदार : वाणी



**मुंबई।** वेब सीरीज मंडला मर्डर्स से वाणी कपूर ओटीटी की दुनिया में कदम रख रही हैं। एक बातचीत में उन्होंने अपने किरदार की गहराइयों, मानसिक चुनौतियों, सोशल मीडिया ट्रोलिंग और उससे उबरने के सफर को साझा किया। साथ ही उन्होंने साइबर ट्रोलिंग के खिलाफ सख्त कानून बनाने की भी खुली अपील की। आजकल सोशल मीडिया हर किसी की जिंदगी का हिस्सा बन गया है। मुझे लगता है कि वहां कुछ नियम होने चाहिए। क्योंकि जो ट्रोलिंग और हेटफुल बातें कही जाती हैं, वो सिर्फ एक्टर्स को नहीं, बल्कि स्कूल-कॉलेज के बच्चों और आम लोगों को भी बहुत परेशान करती हैं। हमें इस बारे में खुलकर बात करनी चाहिए और साथ ही ये भी देखना चाहिए कि कुछ सख्त कानून बनें, ताकि ऐसे लोगों को रोका जा सके जो जानबूझकर दूसरों को दुख पहुंचाते हैं। आगे चलकर हमें सोशल मीडिया को एक जिम्मेदार और सुरक्षित जगह बनाना होगा। हां, कई बार ऐसा होता है। जब आप किसी गहरे रिश्ते में होते हैं, चाहे वो दोस्ती हो या कुछ भी। अगर वो रिश्ता किसी कारणवश टूट जाए, तो सवाल तो मन में उठते हैं। क्या मेरी गलती थी, क्या सामने वाला बदल गया, या हालात ऐसे हो गए थे? हर बार क्लोजर नहीं मिलता। कभी आप वजह जान लेते हैं और कभी बस स्वीकार करना होता है कि अब ये रिश्ता यहीं तक था।

## सैयारा से पहले इन फिल्मों ने तोड़ दिए थे दिल

*मुंबई। अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी है। इस फिल्म में प्यार, यादगार किरदारों, तड़प और दिल टूटने की कहानी को बखूबी पेश किया गया है जिसने दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ा है। अगर, आपको मोहित सूरी की सैयारा पसंद आई है तो यकीनन ये फिल्में भी पसंद आएंगी।*

***आशिकी 2:*** *आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर स्टारर यह फिल्म एक दुखद प्रेम कहानी है। इसमें राहुल नाम का एक सितारा है जो अपनी चमक खो रहा है। लेकिन वह आरोही नाम की उभरती हुई स्टार को उसके सपनों को पूरा करने में मदद करता है, जबकि खुद अपने अंदर के संघर्षों से जूझ रहा है।*

***हमारी अधूरी कहानी:*** *यह फिल्म एक दुखद प्रेम कहानी है जो वसुंधा के बारे में है, एक महिला जो एक दर्दनाक शादी में फंसी हुई है। वह आरव के साथ सच्चा प्यार पाती है, लेकिन किस्मत और कर्तव्य उन्हें अलग कर देते हैं। इसमें इमरान हाशमी और विद्या बालन मुख्य भूमिकाओं में हैं।*

***रॉकस्टार:*** *रणबीर कपूर और नरगिस फाखरी की मुख्य भूमिकाओं वाली फिल्म 'रॉकस्टार' जनार्दन झाखड़ की कहानी है। जनार्दन एक भोला कॉलेज का लड़का है जो प्यार में पड़ने और अपनी सच्ची समझने वाली हीर को खोने के बाद एक परेशान रॉकस्टार में बदल जाता है।*





***सनम तेरी कसम:*** *यह फिल्म एक शर्मीली और पारंपरिक लड़की सरस्वती और एक गलत समझे गए विद्रोही की दिल तोड़ने वाली प्रेम कहानी को दर्शाती है। उनकी गहरी जुड़ाव बहुत देर से खिलता है, जो एक विनाशकारी त्रासदी में समाप्त होता है।*

***गजनी:*** *आमिर खान की फिल्म एक सफल बिजनेसमैन की कहानी है जो शॉर्ट-टर्म मेमोरी लॉस से पीड़ित है और अपनी प्रिय कल्पना (असिन) की हत्या का बदला लेने के लिए सुरागों को फोटो और टैटू के माध्यम से जोड़ता है। ये लव स्टोरी देख आप अपने आंसुओं को बहने से नहीं रोक पाएंगे.*

***फना:*** *आमिर खान और काजोल की मुख्य भूमिकाओं वाली यह फिल्म एक गहन प्रेम कहानी को दर्शाती है। इसमें जूनी, जो एक दृष्टिहीन टूर गाइड है, और रेहान, जो एक आकर्षक व्यक्ति है लेकिन उसका अतीत छुपा हुआ है, के बीच की प्रेम कहानी को दिखाया गया है। उनकी रोमांस की कहानी तब दुखद मोड़ लेती है जब रहस्य सामने आते हैं।*

***रांझणा:*** *यह फिल्म एक जुनूनी और समर्पित युवा की कहानी बताती है जो जोया से गहरा प्यार करता है। उनकी प्रेम कहानी को किस्मत, राजनीति और दिल टूटने की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।*

***तेरे नाम:*** *सलमान खान और भूमिका चावला अभिनीत, तेरे नाम एक परेशान और जुनूनी युवक की कहानी है जिसकी निरजरा के प्रति गहरी प्रेम भावना दुखद मोड़ लेती है, जिससे दिल टूटने और निराशा का सामना करना पड़ता है।*

### अच्छी अदाकारी करने के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड से भी नवाजा गया

# चश्मे बद्दूर से किया डेब्यू, अधूरी रही रवि के निर्देशक बनने की ख्वाहिश

*नई दिल्ली। अभिनेता रवि बासवानी को फिल्म चश्मे बद्दूर और जाने भी दो यारो में बेहतरीन काम करने के लिए आज भी याद किया जाता है। फिल्म में अच्छी अदाकारी करने के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड से भी नवाजा गया। वह बेहतरीन कॉमेडी के अलावा कैरेक्टर रोल के लिए भी जाने जाते हैं।*



### शुरुआती जीवन और पढ़ाई

रवि बासवानी का जन्म 29 सितंबर 1946 को एक जाट परिवार में हुआ था। उन्होंने अपनी शुरुआती शिक्षा सेंट जॉर्ज कॉलेज मसूरी से पूरी की। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज से स्नातक की उपाधि हासिल की। यहां वह केएमसी नाट्य समाज के सदस्य थे।

### हास्य के अलावा सीरियस रोल भी किए

30 साल के करियर में रवि बासवानी ने लगभग 30 फिल्मों में अभिनय किया। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत साल 1981 में रिलीज हुई फिल्म चश्मे बद्दूर से की। उन्होंने फिल्मों में एक हास्य अभिनेता के अलावा सीरियस रोल भी किए हैं। बासवानी ने बंटी और बबली और प्यार तूने क्या किया जैसी फिल्मों में चरित्र भूमिकाएं कीं।

### इन फिल्मों में निभाया दमदार किरदार

**जाने भी दो यारों** : फिल्म 'जाने भी दो यारों' साल 1983 में रिलीज हुई थी। इसमें उन्होंने सुधीर नाम का किरदार निभाया। यह किरदार एक पत्रकार का था। इस किरदार को निभाने के लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है। फिल्म में उनका यह किरदार इतना अच्छा था कि इसके लिए उन्हें 1984 में सर्वश्रेष्ठ हास्य अभिनेता के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया।

**चश्मे बद्दूर** : साल 1981 में रिलीज हुई फिल्म 'चश्में बद्दूर' में रवि बासवानी ने लखन पाल का किरदार निभाया।



यह किरदार एक छात्र का था। यह उनकी पहली फिल्म थी। इस फिल्म में अभिनय के लिए उनकी काफी तारीफ हुई। इस फिल्म में फारूक शेख और दीप्ति नवल अहम किरदार में थे।

**कभी हां कभी ना** : साल 1994 में उनकी फिल्म 'कभी हां कभी ना' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने अल्बर्ट गोंजास्विस का किरदार निभाया। इसके लिए भी उनकी काफी तारीफ हुई। इस फिल्म में शाहरुख खान और सुचित्रा कृष्णमूर्ति अहम किरदार में थे।

***छोटा चेतन*** *: इसके बाद साल 1998 में फिल्म 'छोटा चेतन' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने राजा का किरदार निभाया। यह मलयालम भाषा की फिल्म थी। इसमें उनके किरदार को पसंद किया गया।*

***चल मेरे भाई*** *: साल 2000 में आई फिल्म 'चल मेरे भाई' में रवि बासवानी ने एक वेटर का किरदार निभाया। उनके इस रोल की भी काफी सराहना हुई।*

***टीवी में भी किया काम*** *: एक टेलीविजन अभिनेता के रूप में, रवि बासवानी ने कई टीवी धारावाहिकों में अभिनय किया। उन्होंने 1980 के दशक में दूरदर्शन पर लोकप्रिय कॉमेडी धारावाहिक इधर उधर में काम किया। इस धारावाहिक में उन्होंने पाठक बहनों, सुप्रिया पाठक और रत्ना पाठक के साथ अभिनय किया था। इसके बाद वह एक से बढ़कर एक और जस्ट मोहब्बत (1997)' में नजर आए।*

### नसीरुद्दीन शाह के साथ संभाला पद

साल 2004 में जब भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे ने 26 वर्षों के बाद अपने अभिनय पाठ्यक्रम में कुछ बदलाव किए तो रवि बासवानी नसीरुद्दीन शाह के साथ इसके समन्वयक और शिक्षक बने। संस्थान के पाठ्यक्रम को नया रूप देने में इन्होंने भी अहम रोल निभाया। हालांकि, बसवानी ने अगले वर्ष संस्थान से इस्तीफा दे दिया।

### पहली फिल्म का निर्देशन से पहले निधन

रवि बासवानी ने कभी शादी नहीं की। वह जिंदगी भर अकेले ही रहे। 27 जुलाई 2010 को नैनीताल में दिल का दौरा पड़ने से बासवानी का निधन हो गया। वह अपनी पहली फिल्म निर्देशित करना चाहते थे। इसके लिए फिल्म की लोकेशन ढूंढ रहे थे। ऐसे में नैनीताल से दिल्ली जाते समय हल्द्वानी में उनका निधन हो गया। यह काफी दुखद रहा कि वह अपनी फिल्म का निर्देशन करने से पहले ही इस दुनिया को अलविदा कह गए।